तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 17 अगस्त 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



इंदिरा सेतु के पास सड़क पर गड्ढा।



महामाया मंदिर रतनपुर में सुगम दर्शन सुविधा

बिलासपुर। सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट में रविवार से सुगम दर्शन सुविधा प्रारम्भ की गई है। इसके लिए प्रति व्यक्ति 100 रूपए का दानकूपन ट्रस्ट कार्यालय से प्राप्त करना होगा। पालक (गार्जियन) के साथ 15 वर्ष तक के 2 बच्चों को सुगम दर्शन की अनुमति रहेगी। दिव्यांगजन एवं निःशक्तजनों के लिए सुगम दर्शन सुविधा निःशुल्क है। उनकी सहायता के लिए 1 सहायक की सुविधा प्रदान की जाएगी। अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट व्यक्तियों के सुगम दर्शन के लिए कार्यालय से अलग व्यवस्था की गई है। सुगम दर्शन सुविधा नवरात्रि आदि पर्व में प्रशासनिक व्यवस्थानुसार परिवर्तनीय रहेगी। यह जानकारी मंदिर ट्रस्ट के मैनिजिंग ट्रस्टी अरुण शर्मा ने दी।

ज्वेलर्स में हंगामा

- सराफा एसोसिएशन ने मचाया, हंगामा।
- एक्सचेंज के लिए गया था सराफा व्यापारी

22 कैरेट सोने के कड़े को बताया 20 का, मालाबार ज्वेलर्स के मैनेजर, कर्मचारी के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

22 कैरेट सोने के कड़े को एक्सचेंज करने गए उपभोक्ता को मालाबार गोल्ड एंड डायमंड ज्वेलर्स के कर्मचारियों ने जांच के बाद 20 कैरेट का बता दिया। उपभोक्ता की शिकायत पर सराफा व्यापारियों ने उक्त ज्वेलरी शाप में जमकर हंगामा मचाया, इसके बाद पुलिस ने सराफा व्यापारी की रिपोर्ट पर मालाबार गोल्ड एण्ड डायमंड ज्वेलर्स के मैनेजर व कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, राजीव प्लाजा एसके ज्वेलर्स के संचालक सागर केसरी पिता सुनील कुमार केसरी ने रिपोर्ट लिखाई। 14 अगस्त 2026 को उनके ग्राहक परविंदर सिंह ने बताया कि उनकी दुकान से खरीदे गए 22 कैरेट सोने के कड़े को वे मैग्नेटो मॉल के पास स्थित मालाबार गोल्ड एण्ड डायमंड ज्वेलर्स में एक्सचेंज के लिए गए थे। वहां के कर्मचारियों ने कड़े की जांच कर उसे 20 कैरेट का बताया । उनके कहने पर श्री सिंह सोने का कड़ा लेकर उनकी दुकान में आए। श्री केसरी ने उन्हें सोने के कड़ा में हाल मार्क दिखाया, उसके बाद वे ग्राहक हित में वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के उद्देश्य से स्वयं उनके साथ मालाबार ज्वेलर्स गए। उन्होंने ग्राहक बनकर वहां कर्मचारियों से उक्त 22 कैरेट सोने का कड़ा एक्सचेंज करने की बात कही। वहां के कर्मचारियों ने कहा हालमार्क के आधार से सोने की शुद्धता को स्वीकार नहीं करते हैं और केवल अपनी मशीन से जांच को ही मान्यता देते हैं। उसके बाद उनके द्वारा सोने के कड़े जांच की गई। कर्मचारियों के द्वारा 2 से 3 बार जांच करने के बाद कड़े को 22 कैरेट का बताया गया। पुलिस ने श्री केसरी की रिपोर्ट पर मालाबार ज्वेलर्स के मैनेजर कैरेटोमीटर आपरेटर एवं अन्य कर्मचारियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



ज्वेलरी शॉप में धरना देते सराफा व्यापारी।

इन बिन्दुओं पर जांच की मांग

- घटना के संबंध में प्रबंधन एवं संबंधित कर्मचारियों से आवश्यक पूछताछ एवं लिखित स्पष्टीकरण लिया जाए
- आभूषण के पहली व दूसरी जांच का पूरा रिकार्ड एवं मशीन रीडिंग सुरक्षित कराई जाए
- पहली जांच में आभूषण को 20 कैरेट व दूसरी जांच में उसी आभूषण को 22 कैरेट व एचयूआईडी मार्क पाए जाने का कारण स्पष्ट कराया जाए
- टेस्टिंग मशीन की तकनीकी जांच कराई जाए
- 14 अगस्त की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कराया जाए ताकि महत्वपूर्ण साक्ष्य सुरक्षित रहें
- क्या इसी गलत जांच के कारण अन्य ग्राहकों अथवा व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हुआ है





पुलिस से शिकायत करते व्यापारी

गलत जांच से व्यापारी की प्रतिष्ठा पर असर

श्री केसरी ने आरोप लगाया है मालाबार गोल्ड एण्ड डायमंड ज्वेलर्स के कर्मचारियों के द्वारा गलत जांच करने से उनकी प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कर्मचारियों से अनुरोध किया कि यदि पहली जांच गलत थी तो वे अपनी गलती स्वीकार करते हुए लिखित स्पष्टीकरण दें। उन्होंने यह भी कहा यदि किसी प्रकार की गलत जांच के कारण अन्य ग्राहकों को भी नुकसान हुआ है तो उनके हित में उचित समाधान एवं क्षतिपूर्ति की जानी चाहिए। कर्मचारियों के द्वारा यह कहते हुए दोनों बातों से इनकार कर दिया गया कि ऐसी कोई प्रक्रिया उनकी पोलिसी में नहीं है।

सराफा व्यापारियों ने मचाया हंगामा

आभूषण की गलत तरीके से जांच करने की जानकारी होने पर शहर के बड़ी संख्या में सराफा व्यापारियों ने संस्थान में पहुंचकर जमकर हंगामा मचाया। वहीं संस्थान के बाहर प्रदर्शन कर वैधानिक कार्रवाई की मांग की। पुलिस की समझाइश पर हंगामा शांत हुआ।

संघ ने की निष्पक्ष जांच की मांग

सराफा व्यापारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस में शिकायत की और शोरूम के बाहर विरोध दर्ज कराया है। बड़े और भव्य शोरूमों की मशीनों के आधार पर छोटे एवं पुरतैनी सराफा कारोबारियों की वर्षों से बनी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करना स्वीकार नहीं किया जा सकता। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग एसोसिएशन ने की है।

- **कमल सोनी,** अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

बहुत बड़ा स्कैम है

बिलासपुर के मालाबार स्टोर में अब तक कितने उपभोक्ता ठगे गए हैं, इसकी पूरी जाँच होनी चाहिए।

- **श्रीकांत पांडे,** महासचिव बिलासपुर सराफा एसोसिएशन

राजकिशोर नगर में हुई बड़ी वारदात, रात्रि गश्त की खुली पोल

दरवाजे की चौखट उखाड़कर लोको पायलट के सूने घर में 22 लाख रुपए की चोरी



वह मकान जहां चोरी की घटना हुई।



घटना के बाद घर में अस्त-व्यस्त पड़ा सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गैंती से दरवाजे की चौखट खड़ाकर चोर लोको पायलट के सूने घर से 18 तोला सोने के जेवर चोरी कर फरार हो गए। रात्रि गश्त पर निकली पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। चोरी गए जेवर की कीमत 22 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

राजकिशोर नगर पंचाली विहार निवासी जयंत्री जंघेल ने बताया, उनके पति सतानंद जंघेल रेलवे में लोको पायलट हैं। विगत 14 अगस्त की सुबह 5.10 बजे घर के दरवाजे में ताला बंद कर वे अपने पति व दोनों बच्चों के साथ भिलाई गई थीं। 15 अगस्त की सुबह 6 बजे उनके पड़ोसी उन्हें फोन कर सूचित किया उनके घर में चोरी हो गई है। वे परिवार सहित आनन फानन में सुबह 8 बजे भिलाई से घर लौट गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने पर उनके साथ अपने घर के अंदर गए। चैनल गेट का ताला तोड़कर दरवाजे का सेंट्रल लॉक नहीं टूटने पर गैंती से दरवाजे की चौखट उखाड़ दी गई थी। गैंती से आलमारी को तोड़कर उसमें रखे सोने के कीमती जेवर चोरी कर लिए गए थे। श्रीमती जंघेल ने बताया, आलमारी में 28 तोला सोने के जेवर रखे हुए थे। उसमें से 10 तोला सोने के छोटे छोटे जेवर सुरक्षित मिल गए हैं और 18 तोला सोने के जेवर की चोरी कर ली गई है। उन्होंने चोरी गए जेवर की कीमत 22 लाख रुपए बताई है। इसके अलावा आलमारी से 16 हजार रुपए नकद भी चोर ले गए हैं। पुलिस ने उनके पति सतानंद जंघेल की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया गया है। दूसरे दिन भी पुलिस चोरो का सुराग नहीं लगा पाई है।

बारिश होने पर छाता ओड़कर आया था चोर

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा खंगाला तो उनके घर के सामने एक युवक छाता ओड़कर रैकी करते नजर आ रहा हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस ने युवक की पहचान कार्रवाई करने में लगी हुई है, जिस तरह से दरवाजे का चौखट तोड़ा गया, उससे चोरी की संख्या होने की संभावना है।



पड़ोसी के घर के दरवाजे को बाहर से किया बंद

चोरों ने श्रीमती जंघेल के घर चोरी करने से पहले पकड़े जाने के डर से उनके पड़ोसी के घर के दरवाजे का सिटकनी बाहर से बंद कर दिया था। 15 अगस्त की सुबह पड़ोसी सोकर उठे तो दरवाजा बाहर से बंद मिला। परिचितों से दरवाजा खुलवाकर बाहर निकले थे।

बिना प्रतियोगिता में शामिल हुए लौटे

श्रीमती जंघेल ने बताया, उनकी बेटा सोनिका जंघेल का राज्य स्तरीय चेस प्रतियोगिता में चयन हुआ था। पूरा परिवार प्रतियोगिता में शामिल होने भिलाई गए थे। चोरी की सूचना मिलने पर बिना प्रतियोगिता में शामिल हुए लौट गए हैं।

बिजली नहीं होने से रात भर अंधेरा

श्रीमती जंघेल ने आरोप लगाया है उनका कालोनी में मुख्य मार्ग से दूर में है। कालोनी में नगर निगम के द्वारा स्ट्रीट लाइन नहीं लगाया गया है। कालोनीवासियों के द्वारा स्वयं लाइट की व्यवस्था की गई है। स्ट्रीट लाइट नहीं लगने से रात में अंधेरा छाया रहता है। वहीं कभी भी कालोनी में पेट्रोलिंग नहीं होती है।

सूने मकान से डेढ़ लाख नकद जेवर चोरी

सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर डेढ़ लाख नकद जेवर चोरी कर लिया है । पचपेड़ी पुलिस के अनुसार चिल्हाटी निवासी जब्बार खान पिता इस्माइल खान 14 अगस्त को अपने साली के घर से डेढ़ लाख रूपए लेकर आए और अपने घर में रखकर ताला लगाकर सरगांव चले गए थे। 16 अगस्त को वापस आए तो ताला टूटा मिला नकद रकम जेवर चोरी हो गए थे। पुलिस के अनुसार उसके घर से डेढ़ लाख रुपये नगर वह जेवर सहित 2 लाख 85000 का सामान चोरी हुआ है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

निगम कर्मियों के नियमितीकरण तीन-तीन महीने में फैसला लेने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम बिलासपुर में कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग से जुड़े मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल की एकलपीठ ने सक्षम प्राधिकारी को कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर नियमानुसार विचार कर तीन महीने के भीतर तार्किक निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश जागेश्वर दुबे व अन्य की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के दौरान दिया गया।

याचिकाकर्ताओं में नगर निगम बिलासपुर के अंतर्गत कार्यरत माली जागेश्वर दुबे, इलेक्ट्रीशियन चंद्र कुमार नागदौने, टाइम कीपर मिर्जा वाहिद बेग और माली पेट्रिक पास्टी शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि उनकी सेवाओं का नियमितीकरण नहीं किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि नगर निगम बिलासपुर के कमिश्नर के समक्ष पहले ही अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जा चुका है लेकिन लंबे समय के बाद भी उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। निगम की ओर से पेश अधिवक्ता ने इस सीमित प्रार्थना का विरोध नहीं किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल ने याचिका का निराकरण कर दिया। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को यह स्वतंत्रता भी दी है कि यदि वे चाहें तो अपने दावे के समर्थन में सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अतिरिक्त अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।





सेंट्रल पोर्टल से आसान व पारदर्शी होगी सारी प्रक्रिया

पीडीएस अब होगा स्मार्ट, घर बैठे बन सकेगा राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीडीएस भी अब स्मार्ट होने जा रहा है। हितग्राही अब चॉइस सेंटरों के साथ-साथ अपने घर पर बैठकर भी राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने के दौरान आवेदक द्वारा रजिस्टर्ड कराए गए मोबाईल नंबर पर रिफ्रेंस नंबर भी भेजा जाएगा, जिसके आधार पर आवेदक राशन कार्ड बनाए जाने की हर स्टेप की प्रगति को भी घर बैठे जांच सकेंगे। इसके लिए उन्हें किसी भी ऑफिस के चक्कर लगाने से आजादी मिल जाएगी।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अब तक स्टेट व सेंट्रल के पोर्टल में अलग-अलग संचालित होने वाला कामकाज स्मार्ट पीडीएस के अंतर्गत अब केवल सेंट्रल के पोर्टल में किया जाएगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है, जिसके प्रारंभ होने में लगभग दस से पंद्रह दिनों का समय लग सकता है। सेंट्रल पोर्टल से कामकाज प्रारंभ होने की दशा में राशन कार्डों में किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार, नए नाम जोड़वाने या नए राशन कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत करने जैसा काम किया जा सकेगा। हितग्राहियों के लिए यह न केवल आसान होगा, बल्कि पूरी तरह पारदर्शी भी होगा।

जिस कार्ड की पात्रता, केवल वही बनेगा

सेंट्रल पोर्टल के माध्यम से बनाए जाने वाले नए राशन कार्ड आवेदक की पात्रता के अनुसार ही बनाए जा सकेंगे। आवेदन करने के दौरान आवेदक से कुछ प्रश्न किए जाएंगे, जिसका जवाब देने व प्रमाण प्रस्तुत करने की स्थिति में ही संबंधित को उस श्रेणी के लिए पात्र माना जा सकेगा।

त्रुटि सुधार का काम दस दिन रूका

सेंट्रल पोर्टल ने आम जनता के लिए अपनी सेवा देना प्रारंभ नहीं किया है, लेकिन स्टेट पोर्टल में भी हितग्राहियों के राशन कार्डों में त्रुटि सुधार जैसे कार्य फिलहाल नहीं किए जा रहे हैं। ऐसे हितग्राहियों को अभी सेंट्रल पोर्टल लॉच होने तक का इंतजार करना पड़ सकता है।

तय रहेगी समयसीमा : आवेदन प्रस्तुत करने से लेकर राशन कार्ड हाथ में आने तक की समयसीमा क्या रहेगी? यह सेंट्रल पोर्टल में तय रहेगा। ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने के साथ ही हितग्राही को एक निर्धारित समयावधि में राशन कार्ड तैयार मिल सकेगा। इसके लिए उसे किसी भी तरह की अतिरिक्त दौड़भाग नहीं करनी होगी।

काम पारदर्शी होगा

स्मार्ट पीडीएस के अंतर्गत सेंट्रल पोर्टल में सारा कामकाज संचालित किया जाना है। इस पर काम चल रहा है। दस दिनों के भीतर पोर्टल के प्रारंभ होने की पूरी संभावना है। सेंट्रल पोर्टल में कामकाज पूरी तरह आसान और पारदर्शी होगा।

- **अमृत कुजूर** खाद्य नियंत्रक

swarnimaera@gmail.com | www.swarnimaera.com

Follow us

हर झलक में खूबसूरत ज़िन्दगी

SWARNIMA ERA
Add more to life

परिसर में भव्य मन्दिर
प्रीमियम क्लब हाउस
लैंडस्केप्ड बगीचे
24x7 सुरक्षा
बच्चों का प्ले-एरिया
जिम और स्विमिंग पूल
डेडिकेटेड पार्किंग
24x7 पावर बैकअप

ज़िन्दगी में कुछ अच्छा जोड़िये।

2, 3 & 4 BHK
STYLISH INDEPENDENT BUNGALOWS
PLOTS & CUSTOMIZED HOUSES AVAILABLE

Conceptualized By AdPRAYAS







REGISTER YOUR INTEREST NOW

Scan this QR code for Location
Site address:
SWARNIMA ERA,
BESIDE GEETANJALI CITY
PHASE 2, BAHTARAI ROAD,
BILASPUR (C.G.)

For more info
97557 93333, 97552 93333

Rera no.
PCGRERA150426002081
www.rera.cgstate.gov.in

बड़े भैय्या
श्री राजेन्द्र शुक्ला जी
पूर्व अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
16
अगस्त 2026

शिव यादव
पूर्व नेता प्रतिपक्ष, नगर पालिका तिफरा

विनीत : समस्त मित्रगण, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र

हरिभूमि

बिलासपुर, सोमवार 17 अगस्त 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



स्पर्धा

फैंसी ड्रेस स्पर्धा में विशेष बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



बिलासपुर। नारायण प्लाजा परिसर में स्पेशल बच्चों का फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 70 बच्चों ने भाग लेकर महापुरुषों, सेनानियों की वेशभूषा में कुछ बच्चे सेना के सिपाही बनें। तो कुछ भारत माता तो कोई लक्ष्मी बाई, गार्गी राजस्थानी महिला, ढाई साल की आरना भगवान बुद्ध बनकर उपस्थित लोगों को सत्य और अहिंसा का संदेश दिया। कार्यक्रम के आरंभ में जेसीआई के अध्यक्ष प्रतीक, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डॉ संगीता बनाफ़र एवं चरणजीत सिंह गंभीर ने दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि चरणजीत सिंह गंभीर ने कहा कि ऐसी अनूठी पहल से विशेष बच्चों का आत्मबल बढ़ता है और उनके पालकों में एक नए ऊर्जा का संचार होता है। जो उन्हें सबलता प्रदान करता है। कार्यक्रम में राजेंद्र अग्रवाल, राजू सुल्तानिया, रेखा, मदन मोहन गुल्ला, स्मृति जैन, भुवन, संतोषी वर्मा, शिव, संध्या सारथी, ममता गुप्ता, प्रीति हितेश चौहान आदि मौजूद रहे।

आयोजन

10वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान



बिलासपुर। प्रयास आवासीय विद्यालय रमतला कोनी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शांता फाउंडेशन ने कक्षा दसवीं में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने वाले विद्यालय के 170 विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। प्रयास आवासीय विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी ने शांता फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियों को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहित करना उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्थापक नीरज गेमनानी ने बताया कि शांता फाउंडेशन समाज हित के कार्यों के साथ शिक्षा और विद्यार्थियों के विकास को भी महत्वपूर्ण मानता है।

धर्म-क्षेत्र

बोल बम के जयघोष के साथ निकली भव्य कांवड़ यात्रा

बिलासपुर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की ओर से रविवार को भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई।



सुबह 8.30 बजे बठेरा तालाब, सब्जी मंडी के सामने से यात्रा प्रारंभ हुई। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और सर्व हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। कांवड़िए भगवान शिव का जल लेकर 'बोल बम' के जयघोष के साथ आगे बढ़े। यात्रा का समापन यदुनंदन नगर, तिफरा स्थित वालीवाला ग्राउंड के शिव मंदिर में हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग भगवा रंग में नजर आया और भक्तिमय माहौल बना रहा। आयोजकों ने आयोजन में शामिल सभी श्रद्धालुओं और हिंदू समाज के लोगों का आभार जताया।

कार्यक्रम

राष्ट्रीय सम्मान छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित हुए सुरेश



बिलासपुर। अखिल भारतीय प्रतिभा महासम्मेलन में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय प्रतिभा महासम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह में शहर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं समाजसेवी सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत' को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।राष्ट्रीय स्तर के इस गरिमामय समारोह में देशभर से चयनित समाजसेवियों, साहित्यकारों, पत्रकारों, शिक्षाविदों, कलाकारों एवं विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी, पतंजलि योग समिति, छत्तीसगढ़ डॉ. मनोज पाणीग्रही ; छत्रपती संभाजीनगर,महाराष्ट्र से डॉ पंढरीनाथ रोकडे, भुसावल, महाराष्ट्र से डॉ दिलीपकुमार ललवाणी ; मुंबई से डॉ. गौतम ऋषि मोरे तथा भोपाल से महान साहित्यकार डॉ.सुनिता पेंद्रो की विशेष उपस्थिति ने समारोह को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया।



पूर्णिमा, सुचित्रा को मिला सावन सुंदरी का खिताब



श्री चन्द्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता महिला मंडल ने सामाजिक भवन करबला में सावन उत्सव मनाया। महारानी के गेटअप में आयोजित सावन सुंदरी प्रतियोगिता में पूर्णिमा गुप्ता व सुचित्रा साव को सावन सुंदरी का खिताब दिया गया।

कान्हाजी सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंजू गुप्ता, द्वितीय दिव्या गुप्ता और तृतीय स्थान पर दीप गुप्ता रहा। आकर्षक गेम्स और हाऊजी में प्रथम शीला गुप्ता, द्वितीय मंजू गुप्ता, तृतीय मधु गुप्ता, चौथा पूर्णिमा गुप्ता, पांचवें स्थान पर शुभ्रा गुप्ता रही। ओके और पंचुअल का इनाम उषा, प्रिया, शारदा, नेहा गुप्ता को दिया गया। कार्यक्रम की होस्ट शशि गुप्ता, शारदा सदर गुप्ता, सुनीता शाह, सुमन सदर गुप्ता, सपना वीरेंद्र गुप्ता, रीमा गुप्ता, माधवी गुप्ता, वंदना गुप्ता, सुनीता सचिन गुप्ता, सरस्वती गुप्ता, ज्योति साव थीं। इस कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष मधु गुप्ता, सचिव वीणा बबली गुप्ता और कोषाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता की देखरेख में किया गया।

सर्व विप्र ब्राह्मण समाज ने मनाया सावन महोत्सव



सर्व विप्र ब्राह्मण समाज द्वारा सावन महोत्सव का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा और कला का शानदार प्रदर्शन किया। सावन महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य और सावन सुंदरी प्रतियोगिता प्रमुख रूप से शामिल रही। कार्यक्रम में सावन सुंदरी प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसमें समाज की महिलाओं ने पारंपरिक परिधान और सावन की थीम के अनुरूप अपनी सुंदरता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रस्तुति के आधार पर वर्षा दुबे को सावन सुंदरी का विजेता घोषित किया गया। विजेता के नाम की घोषणा होते ही उपस्थित महिलाओं ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋचा पाठक द्वारा की गई। उन्होंने सावन महोत्सव के आयोजन को समाज की महिलाओं के लिए एक बेहतर मंच बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं की प्रतिभा को सामने आने का अवसर मिलता है और समाज में आपसी मेल-जोल एवं भाईचारा भी मजबूत होता है। महिलाओं ने सावन के पारंपरिक रंग और संस्कृति को भी जीवंत किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, उमंग और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली महिलाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए उपस्थित सदस्यों ने उनका लगातार हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर गायत्री शुक्ला, श्रुति पांडेय, निलिमा शर्मा, नेहा मिश्रा, अंशुल पांडेय, संध्या पांडेय एवं पीआरओ वर्षा तिवारी सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

बिमला के सिर सजा सावन सुंदरी का ताज



चंद्रा भवन त्रिवेणी नगर में छत्तीसगढ़ के पहले तिहार हरेली, जिसमें किसान अपना कृषि औजार सामग्री के साथ नंदी बैल के पूजा करके मां धरती से अच्छा उपज के लिए प्रार्थना करते हुए महिलाओं ने कर विभिन्न आयोजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। महिला समिति के अध्यक्ष लखेश्वरी एवं हेमा चंद्रा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हरेली मिलन कार्यक्रम के साथ-साथ सावन सुंदरी एवं सावन किंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा हरेली मिलन कार्यक्रम के अवसर पर सावन सुंदरी में भाग लेने वाले महिलाओं के लिए हरे रंग की साड़ी, बिंदी, चूड़ी, नेल, पेंट, गले, कान का श्रृंगार एवं मेहंदी के साथ आलता सहित आठ प्रकार का पहनावा सम्मिलित किया गया था तथा चयन के लिए दो राउंड रखे गए थे प्रथम राउंड में म्यूजिकल तथा दूसरे राउंड में नींबू चम्मच दौड़ रखा गया। जिसमें लगभग 35 महिला सदस्यों ने भाग लिया 35 महिलाओं को कार्यक्रम में पीछे छोड़ते हुए विमल चंद्रा एवं सावन किंग में रविकांत चंद्रा का ताज सजा, समाज के सभी लोगों ने उन्हें बधाई देकर फूल मालाओं से सुशोभित किया। उक्त कार्यक्रम में महिला समिति से लखेश्वरी, हेमा, गंगा, रोशनी, प्रीति,अर्चना,उषा, मीना,वीणा, सुनीता पूर्णिमा लक्ष्मी सुनीता तथा समिति के अध्यक्ष श्याम लाल चंद्रा,कन्हैया, गणेश, राधे, माधव, कंचन, गनपत, गोपी, भुनेश्वर, राजेंद्र, ओमकार, जीवन प्रकाश आदि भारी संख्या में समाज की वरिष्ठ सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन लखेश्वरी, हेमा, रोशनी, प्रीति, पूर्णिमा, लक्ष्मी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन रोशनी चंद्रा ने किया।

सावन महोत्सव में गूंज रहे वैदिक मंत्र

बिलासपुर। सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में परमपूज्य गुरुदेव भगवान के आशीर्वाद एवं पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज के सान्निध्य में सावन महोत्सव एवं महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी है।

30 जुलाई से 28 अगस्त तक आयोजित महोत्सव में प्रतिदिन श्रद्धालु भगवान शिव का महारुद्राभिषेक कर रहे हैं। मंदिर में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का नमक-चमक वैदिक मंत्रों के साथ महारुद्राभिषेक किया जाता है। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे महाआरती



होती है। नाग पंचमी के अवसर पर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार समुद्र मंथन के समय भगवान शिव ने वासुकि नाग की जलन शांत करने के लिए उनका जलाभिषेक किया था। महाभारत काल में भी आस्तिक मुनि ने नाग पंचमी के दिन जनमेजय के नागदाह यज्ञ को शांत कर नागवंश की रक्षा की थी। उन्होंने बताया कि इस दिन नाग देवता और भगवान शिव की आराधना से कालसर्प दोष, राहु-केतु के अशुभ प्रभाव एवं सर्प भय से मुक्ति की मान्यता है। पूजन में नाग प्रतिमा या चित्र पर रोली, अक्षत, हल्दी, चंदन, दूर्वा और पुष्प अर्पित कर दूध व गंगाजल चढ़ाया जा सकता है। उन्होंने विशेष संदेश देते हुए कहा कि जीवित नाग को दूध न पिलाएं, बल्कि प्रतिमा या चित्र पर प्रतीकात्मक रूप से दूध अर्पित करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धा और निष्काम भाव से किया गया शिवाभिषेक मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।

शिर्डी के सांई बाबा को भेजी 40 फीट की राखी

बिलासपुर। परिजात कॉलोनी स्थित साईं माउली परिवार की ओर से इस वर्ष भी शिर्डी के साईं बाबा के लिए विशेष और भव्य राखी तैयार की गई है। करीब 40 फीट ऊंची और 8 फीट चौड़ी इस विशाल राखी को आकर्षक धार्मिक स्वरूप में तैयार किया गया है।

राखी के केंद्र में साईं बाबा का स्वरूप विराजमान है, जबकि चारों ओर साईं बाबा के विभिन्न स्वरूपों के चित्रों और आकर्षक सजावटी सामग्री से इसे सजाया गया है। इस बार राखी को 16 प्रकार के उपचारों की थीम पर तैयार किया गया है। राखी के चारों ओर लाल और पीले रंग के फूलों की आकर्षक सजावट की गई है। इसके साथ ही साईं बाबा से जुड़े धार्मिक संदेशों और प्रतीकों को भी इसमें



स्थान दिया गया है। पूरी राखी को श्रद्धा, भक्ति और कलात्मकता का सुंदर संगम बनाने का प्रयास किया गया है। साईं माउली परिवार के दिलीप पत्रिकर ने बताया कि शिर्डी के साईं बाबा को राखी भेजने की परंपरा परिवार द्वारा हर वर्ष निभाई जाती है। इस वर्ष की राखी को तैयार करने में करीब तीन महीने का समय लगा है। विशाल आकार और विशेष डिजाइन के कारण इसे तैयार करने में परिवार के सदस्यों और सहयोगियों ने विशेष मेहनत की। उन्होंने बताया कि इस विशाल राखी को विशेष रूप से सुरक्षित तरीके से पैक कर बाय रोड शिर्डी भेजा जाएगा, जहां इसे साईं बाबा को अर्पित किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी राखी के माध्यम से साईं बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट की जाएगी। साईं माउली परिवार की यह पहल न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि श्रद्धालुओं की रचनात्मकता और साईं बाबा के प्रति समर्पण को भी दर्शाती है। 40 फीट की यह विशाल राखी शिर्डी में श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनने की उम्मीद है।

तीज मिलन उत्सव में बहनों ने गाए गीत



बिलासपुर। अग्रवाल महिला समिति के तत्वावधान में अग्रसेन भवन जूनी लाइन में भव्य 'तीज मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समाज की 3 सौ महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समिति की बहनों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसमें सावन गीतों और पारंपरिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अग्रसेन महराज की आरती कर किया गया। इसके बाद उत्सव में नवविवाहित बहुओं और बेटियों का सम्मान किया गया। सावन की उमंग को दोगुना करने के लिए सजाए गए झूले, हाऊजी एवं विभिन्न रोचक मनोरंजक खेलों का सभी महिलाओं ने खूब आनंद लिया। दीपा केडिया को 'सावन सुंदरी' के खिताब से नवाजा गया। अंत में सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित निकिता संजय अग्रवाल ने सबको तीज की बधाई दी। सचिव प्रियंका अग्रवाल ने पूरी कार्यकारिणी को धन्यवाद किया एवं सभी पदाधिकारी ने मौजूदा महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

हरियाली तीज पर भगवान शिव का अभिषेक



सुमंगल परिसर निवासी शारदा शैलेश वाजपेई के निवास में हरियाली तीज मनाई गई। इस दौरान भगवान शिव का अभिषेक कर भजन कीर्तन गाए गए। पार्थिव शिवलिंग का पूजन, अभिषेक, कथा, हवन, भजन आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर शिवांश, प्रियांशी, शारदा, मीना, सविता, किरण, उषा, शैलेष, मालती, शालिनी, अमृता उपस्थित थीं।

कार्नर न्यूज

शहर के किशोरों की पहल को राष्ट्रीय पहचान, वी-कनेक्ट को मिला खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के किशोरों द्वारा शुरू की गई सामाजिक पहल वॉलंटीन ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। वॉलंटीन की परियोजना वी-कनेक्ट ने बेंगलुरु में आयोजित हार्वर्ड मॉडल यूनाइटेड नेशंस इंडिया में प्रभाव पहल का खिताब जीता। इस उपलब्धि के साथ परियोजना को आर्थिक सहायता के साथ हार्वर्ड विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय संबंध परिषद की ओर से मार्गदर्शन भी मिलेगा।

वॉलंटीन की शुरुआत द जैन इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं मेहर सलूजा और अनुष्का गुरु ने की थी। इसका उद्देश्य किशोरों को समाज के लिए सार्थक कार्य करने का व्यवस्थित मंच उपलब्ध कराना है। वर्तमान में करीब 45 किशोर स्वयंसेवक इससे जुड़े हैं।



वॉलंटीन अब तक आसपास के जरूरतमंद स्कूलों के 450 से अधिक बच्चों तक पहुंच चुका है। पुस्तक संग्रह अभियान, धन संग्रह और अन्य गतिविधियों के माध्यम से टीम ने पन्द्रह सौ से अधिक किताबें जुटाकर बच्चों तक पहुंचाई हैं। इसके अलावा स्कूल बैग, स्टेशनरी, खिलौने, कपड़े और अन्य जरूरी सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। इस दौरान टीम ने महसूस किया कि कई लोग जरूरतमंद बच्चों की मदद करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें यह जानकारी नहीं होती कि किस स्कूल या बच्चे को वास्तव में किस चीज की जरूरत है। दूसरी ओर, स्कूलों की छोटी लेकिन महत्वपूर्ण जरूरतें भी मदद करने वाले लोगों तक नहीं पहुंच पातीं। इसी समस्या के समाधान के लिए वी-कनेक्ट की परिकल्पना की गई। इसके माध्यम से जरूरतमंद स्कूलों की वास्तविक आवश्यकताओं का सत्यापन कर उन्हें मदद करने वाले लोगों से जोड़ा जाएगा। यानी सामान्य रूप से दान मांगने के बजाय यह स्पष्ट किया जाएगा कि किस स्कूल को कितनी किताबें, कापियां, बैग, जूते या अन्य सामग्री की जरूरत है। हार्वर्ड मॉडल यूनाइटेड नेशंस इंडिया में देशभर के विभिन्न स्कूलों से करीब सौलह छात्रों ने हिस्सा लिया।

खबर संक्षेप

पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप में 160 यूनिट रक्तदान



बिलासपुर। स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप में बिलासपुर पुलिस एवं यूथ फॉर नेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 160 यूनिट से अधिक रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल प्रस्तुत की। समापन अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनीश सिंह एवं नगर पालिक निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने रक्तदान के लिए सभी नागरिकों को प्रेरित किया। शुभारंभ अवसर पर सीएसपी मंजुलता केरकेट्टा, एसएसपी रजनीश सिंह एवं यातायात सीएसपी रामगोपाल करियारे का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शिविर में प्रतिज्ञा सिंह, इंद्राज सिंह, कुमारी सांभवी सिंह, अली इमरान, शेख सुल्तान, शेख अब्दुल मन्नान, श्वेता गोयल, साई ब्लड बैंक के डायरेक्टर सुदर्शन सिंह राजपूत का योगदान रहा।

सीसीएफ पाण्डेय ने किया ध्वजारोहण शहीदों को किया नमन



बिलासपुर। सिंधी कालोनी स्मार्ट रोड स्थित मुख्य वन संरक्षक कार्यालय में सीसीएफ मनोज पाण्डेय ने ध्वजारोहण कर किया। उन्होंने आजादी का महत्व बताते हुए वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने बताया कि आजादी में यू ही नहीं मिली। इसके लिए अनगिनत वीर जवानों ने अपना बलिदान दिया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हर मोर्च पर अंग्रेजों का जमकर सामना किया। सीसीएफ श्री पांडेय ने आजादी का महत्व बताते हुए वनों की सुरक्षा के लिए कर्मचारियों को सजग रहने प्रेरित किया। इस दौरान वन कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों को खूब सराहा और उन्हें जागरूक रहकर वन्य प्राणियों की सुरक्षा करने कहा। इस अवसर पर दिनेश कुमार मार्को, ममता राजपूत, पुष्पा लदेर, गौरी राजपूत, किरन केवट, रजिया सुल्ताना, मोनिका तिवारी, अशोक वस्त्रकार, गोपाल देवांगन, हरीश जांगड़े, सतीश शर्मा आदि मौजूद थे।

दोपहर में आने वाली उत्कल सहित अन्य ट्रेन घंटों लेट

चांपा से झारसुगुड़ा तक चौथी लाइन, फिर भी ट्रेनों के समयबद्धता पर सुधार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डिवीजन के चांपा से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम करीब-करीब पूरा होने के कगार पर है, जिसके बाद भी रेल प्रशासन ट्रेनों की समयबद्धता पर कोई भी सुधार नहीं कर पा रही है। स्टेशन में देर रात आने वाली गीतांजली से लेकर दोपहर को उत्कल सहित अन्य एक्सप्रेस के घंटों लेट का सिलसिला अभी भी बरकरार है।

हावड़ा से मुम्बई के बीच दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में अधोसंरचना के तहत चौथी लाइन, तीसरी लाइन व अन्य कार्य किए जा रहे हैं। यह लाइन काफी महत्वपूर्ण है, जिसमें मालगाड़ियों के साथ 100 से अधिक यात्री गाड़ियों का परिचालन होता है। इस लाइन पर बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच चौथी लाइन निर्माण कार्य तेजी से जारी है। रेलवे के अनुसार क्षमता वृद्धि एवं परिचालन दक्षता सुधार के उद्देश्य से चल रही इस परियोजना में वर्तमान में चांपा से खरसिया सेक्शन के बाराद्वार स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु प्री नानइंटरलाकिंग एवं नॉन इंटरलाकिंग कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। चौथी लाइन परियोजना की कुल लंबाई 206 किलोमीटर है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 2979 करोड़ रुपए है। इस परियोजना में अब तक 140 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस चरण में स्टेशन यार्ड का पुनसंरचना, नए टर्न आउट्स की स्थापना, ट्रैक स्लूइंग व लिंकिंग, सिग्नलिंग एवं इलेक्ट्रिकल उपकरणों का स्थानांतरण, केबलिंग, ओवरहेड संरचनाओं का समायोजन आदि कार्य शामिल है। चौथी लाइन को बनाने का मुख्य कारण हावड़ा से मुम्बई की ओर चलने वाली यात्री ट्रेनों के परिचालन समय में सुधार किया जाना था। करीब 140 किलोमीटर से अधिक काम होने के बाद वर्तमान में यात्री ट्रेनों की ऐसी स्थिति है कि झारसुगुड़ा के बाद ट्रेनों को बिलासपुर स्टेशन तक पहुंचने में अतिरिक्त 8 से 10 घंटे का समय लगने के कारण प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री हलाकान हो रहे हैं।

मालगाड़ी की पासिंग पहले



बिलासपुर से झारसुगुड़ा और ईब तक 206 किलोमीटर की चौथी लाइन के साथ बिलासपुर डिवीजन के अनूपपुर से लेकर कटनी मुड़वारा के बीच तीसरी लाइन का काम पूरा कर लिया गया है। इन दोनों लाइन के अलावा रायपुर से बिलासपुर के बीच तीनों रूट से आने वाली यात्री ट्रेनों की चाल तो धीमी रहती है। वहीं नई रेल लाइन पर मालगाड़ियों को पासिंग देने के कारण यात्री गाड़ियों को आउटर में घंटो नियंत्रित किया जा रहा है।

नहीं पहुंचती कोई ट्रेन समय पर

हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों का स्टापेज एसईसीआर जोन के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर तीनों डिवीजन के मुख्य स्टेशनों पर दिया जाता है। इन ट्रेनों में हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस, हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस, हावड़ा-मुम्बई मेल एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के साथ पुरी से झारसुगुड़ा होकर हरिद्वार की ओर जाने वाली उत्कल एक्सप्रेस, सांतरागाछी-जबलपुर हमसफर एक्सप्रेस, गीतांजली एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों को बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म तक पहुंचने में घंटो समय लग रहा है। ट्रेनों की लेटलतीफी के बाद भी रेल प्रशासन की ओर से कोई भी सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा है।

जल्द ही सिम्स में शुरू होगी दूरबीन से जोड़ों की सर्जरी

बिलासपुर। सिम्स में शीघ्र ही दूरबीन द्वारा जोड़ की सर्जरी (आर्थोस्कोपी) की अत्याधुनिक सुविध शुरू की जाएगी। इससे घुटने, कंधे, कूल्हे, टखने एवं कलाई के जोड़ों की जटिल सर्जरी बिना चीरा लगाए हो सकेगी। शहर के सरकारी अस्पतालों में अबतक यह सुविधा नहीं मिल सकी है लेकिन डीन डॉ रमणेश मूर्ति की पहले के बाद यह संभव हो सकेगा। हड्डी रोग विभाग में हर माह 8 से 10 हड्डी के रोगी ऐसे आते है जिन्हें इलाज के लिए आर्थोस्कोपी मशीन की आवश्यकता होती है।

सिम्स में अब आर्थोस्कोपी द्वारा जोड़ की सर्जरी संभव होगी। नई मशीन उपलब्ध होने से मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने इसकी घोषणा भी की है। आर्थोस्कोपी एक दूरबीन आधारित आधुनिक शल्य तकनीक है, जिसमें छोटे छिद्र के द्वारा कैमरा एवं विशेष उपकरण जोड़ के भीतर पहुंचाए जाते हैं। हाई-डेफिनिशन मॉनिटर पर जोड़ की स्पष्ट तस्वीर देखकर लिगामेंट, मेनिस्कस एवं कार्टिलेज की क्षति का सटीक उपचार किया जाता है। इससे कम दर्द, कम रक्तस्राव, संक्रमण का कम खतरा



- हड्डी की तकलीफ से जुझ रहे लोगों को मिलेगी आर्थोस्कोपी सर्जरी का फायदा

तथा तेजी से रिकवरी संभव होती है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने ध्वजारोहण कर सलामी दी और वीर सपूतों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, विद्यार्थियों, सुरक्षा एवं सफाई कर्मियों तथा प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, डॉ. भूपेंद्र कश्यप, डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. हेमलता सिंह, डॉ. आरती पांडेय ,डॉ चंद्रहास ध्रुव,डॉ. समीर पैकरा, डॉ. केशव कश्यप, डॉ. प्रकाश खरे, डॉ. आशुतोष कोरी, गरीमा पाण्डेय,सुरक्षा अधिकारी कमलेश दीवान, दिनेश निर्मलकर, टीकाराम मतवाले, दुष्यंत राय प्रमोद यादव उपस्थित रहे।

बीपीएस में डॉ. रश्मि ने किया ध्वजारोहण



बिलासपुर। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बहतराई में मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि शर्मा ने ब्रिलियंट पब्लिक चेन ऑफ़ स्कूल्स के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, प्रबंध मण्डल के निदेशकगणों की उपस्थित में ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य, गीत, ड्रिल एवं मार्च पास्ट की मनमोहक प्रस्तुतियों ने वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। अलंकरण समारोह - 2026 के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्राओं को पद एवं जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठा, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के निदेशक प्रवीण कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने तथा नेतृत्व को सेवा का माध्यम बनाने का आह्वान किया। निदेशक-प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता ने स्वतंत्रता के मूल्यों, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और विद्यार्थियों की जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नव-निर्वाचित छात्र नेतृत्व को अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। हेडबॉय अर्चित दुबे ने आभार व्यक्त किया।

चित्रकला स्पर्धा में 315 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा 15 अगस्त को तात्कालिक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 315 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त सुनील कुमार जैन ने बच्चों की चित्रकारी का अवलोकन कर उनकी कल्पनाशीलता और प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं। उन्होंने बच्चों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने की भी सलाह दी। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित हुई। वर्ग ए में कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों के लिए 'सड़क सुरक्षा' विषय रखा गया था। इसमें श्रेया विश्वकर्मा ने प्रथम, प्रियल सधानी ने द्वितीय और गुंजन साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रणय विश्वकर्मा, श्रद्धा विश्वकर्मा, मान्या टंडन, देवांशी शर्मा और आलिया कौशिक को सांत्वना पुरस्कार मिला। वर्ग बी में कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों ने 'भारत के आधुनिक हथियार' विषय पर चित्र बनाए। इसमें मान्या रजक प्रथम, अलिजा खानम द्वितीय और सौम्या महन्ती तृतीय रहीं। अवनि निर्मलकर, साल्वी कश्यप, प्रायुषी प्रियदर्शनी, योगेश रत्नाकर और वृष्टि प्रियाराज को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

इलेक्ट्रॉनिक बर्ड में 15 रुपए के डाउन पेमेंट पर कोई भी इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट उपलब्ध

बिलासपुर। जूना बिलासपुर मनोहर टॉकीज के सामने स्थित इलेक्ट्रॉनिक बर्ड में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर मात्र 15 रुपए के डाउन पेमेंट पर कोई भी इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट 0% ब्याज पर प्राप्त किया जा सकता है और साथ ही 26000 रुपए तक का कैशबैक ऑफर चलाया जा रहा है ।

ऑफर के तहत 4के एलईडी टीवी, एसी, वॉशिंग मशीन, ओटीजी, माइक्रोवेव, गीजर, वैक्यूम क्लीनर, एयर फ्रायर, गैस स्टोव, चिमनी, मिक्सर ग्राइंडर सहित विभिन्न घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर विशेष कीमतों में खरीदारी का अवसर दिया जा रहा है। ऑफर में 65 इंच 4के एलईडी टीवी 39,990 रुपए, 1.5 टन 3 स्टार स्प्लिट एसी 24,990 रुपए, 14 केजी वॉशिंग मशीन 15990 रुपए, 55 इंच एलईडी टीवी 29 हजार 990 तथा 32 इंच एलईडी टीवी 7,990 रुपए में उपलब्ध है। साथ थ्री बर्नर ग्लास



बिजनेस प्लस

कूक टॉप गैस चूल्हा मात्र 2490 में इसके अलावा गीजर, माइक्रोवेव, एयर फ्रायर और अन्य घरेलू उपकरणों पर भी विशेष कीमतें रखी गई हैं संचालक ने बताया कि विज्ञापन की पेपर कटिंग लाने पर फ्री गिफ्ट प्राप्त कर सकते हैं।




15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी को
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
आओ मिलकर देश को
अग्रगति की ओर ले जाएं।
श्री परमानंद साहू
अध्यक्ष
नगर पंचायत सरगांव


स्वतंत्रता
की आप समस्त
क्षेत्रवासीयों को हार्दिक
शुभकामनाएँ...
श्रीमती अंबालिका साहू
सभापति
जिला पंचायत मुंगेली


JAN UTTHAN
SOCIAL WELFARE SOCIETY
Registration No.122202435121
एक पेड़
माँ के नाम
आपका छोटा सा योगदान,
आपकी माँ का नाम हमेशा जिंदा रखेगा।
सिर्फ ₹500 में
हम आपके द्वारा दान किए गए
एक पौधे को लगाएँगे और
उसकी जीवनभर देखभाल करेंगे।
आपकी माँ के नाम का
नेम प्लेट उस पौधे पर लगेगा।
जीवनभर उसकी देखभाल
और सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी।
यह पेड़ पर्यावरण को भी
स्वस्थ बनाएगा।
यह पेड़
स्व. श्रीमती कमला देवी
की स्मृति में समर्पित
आपकी माँ का नाम रहेगा हमेशा जीवित,
प्रकृति और समाज के लिए एक अमूल्य उपहार के रूप में।
Anchal Agicha
President
Pratima Rakesh
Secretary
Sunil Kumar Rakesh
Treasurer
आज ही ₹500 दान करें और
माँ के नाम एक पेड़ लगवाएँ।
Bilaspur, Chhattisgarh
आइए, मिलकर हरियाली बढ़ाएँ
और माँ के नाम को अमर बनाएँ।


स्वतंत्रता का सम्मान करें,
देश की शान बढ़ाएं।
15 अगस्त
आप सभी को
15 अगस्त
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
आइए, मिलकर देश को
मजबूत, समृद्ध और
आत्मनिर्भर बनाएं।
श्री मेखचंद साहू
अध्यक्ष - राजनीतिक प्रकोष्ठ साहू संघ
जिला - मुंगेली (छ.ग.)
श्री गोविंद साहू
अध्यक्ष
तहसील साहू संघ सरगांव
जिला - मुंगेली (छ.ग.)


TRIMURTY
PHARMACY COLLEGE
COLLEGE CODE-168
Affiliation By- CSVTU Bhilai (C.G.) & DTE Raipur
Approval By PCI New Delhi
2 YEAR COURSE DIPLOMA IN PHARMACY
Library
Hi-Tech Lab
Smart Class
Hostel
Scholarship
Training
LIMITED SEAT
SAFE & SEPARATE HOSTEL FOR BOYS
ADMISSIONS OPEN SESSION 2026-27
बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे,सरगांव नगर पंचायत, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
7869191363, 9303541180 9981836864
www.trimurtypharmacycollegesargaon.com


स्वतंत्रता का उत्सव,
गौरव का पर्व,
आओ मिलकर करें
देश का गौरव!
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी को
हार्दिक
बधाई
एवं
शुभकामनाएँ
प्राथमिक कृषि साख सहाकारी समिति
मर्यादित किरना
पंजीयन क्रमांक - 104
विनीत
अध्यक्ष एवं संस्था प्रबंधक


स्वतंत्रता दिवस
की आप समस्त क्षेत्रवासीयों को हार्दिक
शुभकामनाएँ...
प्राधिकृत अधिकारी
श्री गेंदराम सिंह कौशिक
संस्था प्रबंधक
श्री दुर्गेश साहू
समिति कर्मचारी
गुलाब टण्डन
समिति कर्मचारी
दिपक यादव


रिज़वान हक
प्रदेश संयोजक भाजपा किसान मोर्चा (छ.ग.)
जनपद सदस्य सांवा, पथरिया
स्वतंत्रता दिवस
अमर रहे


15 अगस्त की
हार्दिक बधाई
आओ मिलकर देश को
आत्मनिर्भर, समृद्ध और
विकसित बनाएं।
श्री मुकेश साहू
मण्डल अध्यक्ष, सरगांव कांग्रेस कमेटी
ओम साांई इंडस्ट्रीज
उच्च क्वालिटी के ईंट के
निर्माता एवं विक्रेता
बिल्डिंग मटेरियल के सप्लायर
पता - मोहरापारा खपरी रोड सरगांव मो:: 8817601084


माँ शारदा
फ्लाई ऐश ईट एवं महावीर ब्रिक्स
की ओर से आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहाँ उपलब्ध:
फ्लाई ऐश ईंट
लाल ईंट
रेत
गिट्टी
सीमेंट
फ्लाई ऐश ईट, लाल ईट, रेत, गिट्टी, सीमेंट के विक्रेता
संपर्क सूत्र / पता:
मो नं - 7974615068, 8103732057, 8357891282
ऑफिस पता: इंडियन बैंक के सामने, सरगांव


15TH
AUGUST
INDEPENDENCE
DAY
Proud to be an Indian
अनिल राजपूत
सरपंच
ग्राम पंचायत बिदविदा


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनायें
श्री कैलाश सिंह ठाकुर
महामंत्री
जिला - मुंगेली (छ.ग.)


15
AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री पोषण यादव
अध्यक्ष
भाजपा मण्डल सरगांव
श्रीमती
सुषमा पोषण यादव
पार्षद
वार्ड क्र. 09 न. पं. सरगांव


15 अगस्त
जय हिन्द वन्दे मातरम्
स्वतंत्रता दिवस
भारत माता की जय
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त एक ऐसा दिन है जो
हमें आज़ादी और उन शहीदों की
याद दिलाता है, जिन्होंने इस देश
के लिए अपना घर, अपना
परिवार एवं अपनी जिंदगी सब
कुर्बान कर दी।
श्री गुलाब अग्रवाल
(तोप)
पूर्व पार्षद भाजपा नेता


Happy
INDEPENDENCE DAY
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मनीष साहू
सभापति
जनपद पथरिया
जिला – मुंगेली


स्वतंत्रता का यह पर्व
हम सभी के लिए गर्व, एकता
और देशभक्ति की भावना को
और मजबूत करे।
15 अगस्त
स्वतंत्रता
दिवस
की आप सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री बृजेश शर्मा जी
सत्संग प्रमुख - विश्व हिंदू परिषद
जिला मुंगेली
अध्यक्ष - गौ सेवा आयोग
पथरिया (गौ सेवक)
जय हिंद! जय भारत!


15
AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश साहू
पार्षद वार्ड क्र. 03 न. पं. सरगांव,
संयुक्त सचिव आई.टी.सेल प्रदेश साहू संघ छ.ग.


आओ झुककर सलाम करें उन्हें,
जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है,
खुशनसीब होता है वो खून,
जो देश के काम आता है।
15
अगस्त
स्वतंत्रता
दिवस
की आप सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
भागवत यादव
(लल्ला)
स्वतंत्रता हमें
बहुत कुछ देती है,
लेकिन उसकी रक्षा करना
हमारा कर्तव्य है।
जय हिंद! जय भारत!


तृषा
आयुर्वेदिक औषधालय
एम्बुलेंस सेवा
15 अगस्त
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएँ
बात रोग • बवासीर • चर्मरोग
गुप्त रोग • बांझपन • पथरी
धातुरोग • जोड़ो का दर्द • साईटिका
का शर्तिया इलाज • नाक • कान • गला
सर्दी • खांसी • बुखार • बी.पी. • शुगर
आदि रोगो का इलाज
7987485591
7828457096
करे योग, रहे निरोग
Doctor
प्रेम राजपूत
24 घण्टे एम्बुलेंस सेवा
उपलब्ध सुविधा


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
एजाज अहमद
स्वतंत्रता दिवस की आप समस्त क्षेत्रवासीयों को हार्दिक
शुभकामनाएँ...
रामू महरा
सरपंच प्रतिनिधि
आरती रामू महरा
सरपंच
ग्राम पंचायत सांवतपुर


15
AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राज कौशिक
सरपंच प्रतिनिधी
रिंकी राज कौशिक
सरपंच
स्वतंत्रता दिवस की
आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएँ
पशु चिकित्सालय
सरगांव
पशुओं की सेवा, हमारा कर्तव्य
स्वस्थ पशु, समृद्ध किसान

खबर संक्षेप

सहकारी समिति भटगांव में ध्वजारोहण

मुंगेली। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भटगांव में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया।



प्राधिकृत अधिकारी विनय पाण्डेय, ग्राम पटेल जनक प्रसाद तिवारी, पूर्व सरपंच भटगांव अनिल साहू, पूर्व जनपद सदस्य दिनेश शर्मा, ग्राम पंचायत भटगांव पंच संतोष साहू, अघनू साहू, कोमल साहू, किसान नहुष दास जांगड़े, राजाराम साहू, पार्थिराम साहू, भागवत ध्रुव, फिरतु ध्रुव, चिन्नू लाल ध्रुव एवं अन्य पंचगण और विशिष्ट अतिथि किसान साथी अन्य सभी वरिष्ठ व संस्था प्रबंधक मनहरण यादव समिति के सभी कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा पावन पर्व में राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

एकता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी



मुंगेली। भाजपा कार्यालय अटल परिसर में जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता हमें लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान के बाद प्राप्त हुई है। आजादी के मूल्यों, लोकतंत्र, संविधान और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हमें अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, जय प्रकश मिश्रा, लोकनाथ सिंह, संजय वर्मा, सुनील पाठक, द्वारिका जायसवाल, मोहन भोजवानी, कोटू दादवानी, मिट्ठूलाल यादव आदि भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गाया गया वंदेमातरम गीत

मुंगेली। डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र के



समक्ष दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम गीत गाया गया। तत्पश्चात झंडा रोहण मुख्य अतिथि संस्थान के उपाध्यक्ष एस पी कौशिक ने किया। अध्यक्षता सेवा निवृत डिप्टी कलेक्टर विजय कौशले ने किया।स्काउट के साथ साथ सभी बच्चों द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई और राष्ट्र गान गाया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गौरव पूर्ण आजादी के जश्न को इसी तरह हमेशा मनाएं और अपनी मंजिल को बिना बाधा के प्राप्त करें। अंत में सभी उपस्थित अतिथियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मिष्ठान वितरण पश्चात सभी छात्र छात्रा मुख्य समारोह में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन छत्रपाल ने किया।

फास्टरपुर स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस



सेतगंगा/मुंगेली। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चंद्रभान बारमाते तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में विष्णु जायसवाल, मानिक सोनवानी, लालाराम साहू, जनपद सभापति, महिला एवं बाल विकास खोरबहरी साहू, अमरचंद सोनवानी, रजनी सोनवानी, जैताराम खांडे, राजेश गुप्ता, नरेंद्र जायसवाल, अखिल टोडर, सरपंच प्रशांत मसीह, सदस्य, मुकेश मसीह, मिलाउ राम टोडर, नारायण कुर्रे एवं श्री मिरी उपस्थित रहे।

मुख्य समारोह में छात्र-छात्राओं ने किया पीटी का प्रदर्शन

मोहले ने ली परेड की सलामी, किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



मुख्य कार्यक्रम में सलामी लेते विधायक, कलेक्टर, एसएसपी।

जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में विधायक पुन्नूलाल मोहले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रातः 9 बजे मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया और जिले के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्य अतिथि श्री मोहले ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। तत्पश्चात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन में अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कार वितरण के पश्चात सभी स्कूली बच्चों के साथ देशभक्ति गीतों पर विधायक, कलेक्टर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत सीईओ भी झूमे। मुख्य अतिथि पुन्नूलाल मोहले ने कलेक्टर कुन्दन कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के साथ शांति, हर्षोल्लास एवं खुशहाली के प्रतीक तीन रंगों के गुब्बारों को उन्मुक्त आसमान की ओर छोड़े। सशस्त्र गार्ड द्वारा हर्ष फायर किया गया। परेड कमांडर रक्षित कमांडर ख्रिस्ट नरगिस तिग्गा बघेल एवं परेड उप कमांडर हरेन्द्र देवांगन के नेतृत्व में 12 प्लाटूनों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से पीटी का प्रदर्शन किया गया।

मुख्य अतिथि श्री मोहले ने शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, वरिष्ठजन, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, एसडीएम पथरिया रेखा चंद्रा और बड़ी संख्या में जिले के नागरिक मौजूद रहे। डीएमसी अशोक सोनी और सूरज शर्मा ने मंच का संचालन किया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शहीदों को किया याद



मुंगेली। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में ध्वजारोहण किया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने जिला कलेक्टोरेट के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि आज देश के वीर शहीद जवानों को याद करने और देश की सेवा के लिए सत्यनिष्ठा के साथ संकल्प लेने का दिन है। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने किया ध्वजारोहण

गौरेला। स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ जिले में हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। गुरुकुल खेल मैदान पेण्ड्रारोड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह थे। उन्होंने आन-बान और शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि धर्मजीत सिंह ने कलेक्टर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक मनोज खिलारी एवं परेड कमांडर भुपेंद्र सिंह कुर्रे के साथ सुसज्जित निरीक्षण वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और हाथ लहराकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

समारोह में शांति एवं सद्भावना का प्रतीक के रूप में तीन रंगों- केसरिया, सफेद एवं हरे रंग के गुब्बारों का गुच्छा स्वतंत्रता दिवस अमर रहे की उद्घोष के साथ खुले आसमान में छोड़े गए। राष्ट्रगान की धुन पर जिला पुलिस बल द्वारा तीन राउंड में हर्ष फायर किया गया। समारोह में परेड की दस टुकड़ियों द्वारा सधे हुए और कदम-ताल मिलाते हुए शानदार मार्च पास्ट किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि ने सभी प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया और उनके साथ फोटो सेशन कराया। मुख्य अतिथि ने शहीद स्वर्गीय श्री शिव नारायण सिंह बघेल के परिवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर साइबर क्राइम के विरुध्द जागरुकता के लिए 15 अगस्त से 2 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले साइबर जागृती अभियान का मुख्य अतिथि ने शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 49 व्यक्तियों-संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लाटा, पीएमश्री स्वामी आत्मानंनद शासकीय कन्या विद्यालय पेण्ड्रा, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय नेवसा, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया और कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गौरेला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। परेड में सीनियर वर्ग में जिला पुलिस बल को प्रथम, नगर सेना महिला वर्ग को द्वितीय एवं वनमंडल के प्लाटून को तृतीय स्थान और जूनियर वर्ग में एनसीसी को प्रथम, स्काउटस को द्वितीय और एनएसएस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



- उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 49 व्यक्तियों-संस्थाओं को किया सम्मानित
- जीपीएम जिले में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

सास्कृतिक कार्यक्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डोंगरिया को प्रथम, कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गौरेला को द्वितीय और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लाटा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में जिलेवासी उपस्थित थे।

पथरिया क्षेत्र में शान के साथ लहराया तिरंगा

पथरिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर सहित पूरे क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस शान, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं ग्राम पंचायतों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई तथा देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया गया।

नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने तिरंगे को सलामी देते हुए ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव एवं उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि स्वतंत्रता केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लेने का दिन है। जिला पंचायत सभापति अनीला देवेंद्र राजपूत ने भी ध्वजारोहण किया। एसडीएम कार्यालय में एसडीएम रेखा चंद्रा, जल संसाधन कार्यालय में एसडीओ डाहिरे, थाना परिसर में निरीक्षक पवन कुमार देवांगन, कृषि कार्यालय में एसडीईओ कौशले, स्वास्थ्य विभाग में डॉ. अमित लाल तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग में एसडीओ छात्ररे ने ध्वजारोहण किया। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश मिरी, माइंड ब्लोइंग स्कूल में अध्यक्ष



रामकुमार साहू ने ध्वजारोहण किया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। ग्राम घुठेली में सरपंच लक्ष्मीना राजपूत, पौसरी में नीलमणि चौहान, शाला में जनपद सदस्य कोमल साहू, बैजना में संतोषी साहू, सकेरी में शोभा मानिकपुरी, बगबुड़वा में मनीषा विवेक राज डहरिया, साकेत में पूजा अनीश मनु, सांवा में रामशीला राजपूत, गोइंद्रा में बलराम टोंडे, परसदा में लीलेश राजपूत, गोइंद्री में तेज कुमार पात्रे, पेटूलकपा में संतोषी टंडन, ढोठंमा में शिवमती नेताम, ककेड़ी में सोनिया बाई ध्रुव, खपरी में साधना साहू, बदरा ब में केदारनाथ वर्मा, चंदली में सुभद्रा राजपूत, जगताकपा में इंदल गोड़ तथा डिघोरा में संदीप कुर्रे सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने पंचायत कार्यालयों में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह छाबड़ा, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, सभापति इंदजीत यादव, मेलाराम डडसेना, मोनिका ओमू दिवान, गणेश सोनी, बलराम जायसवाल, रघुनन्दन कर्माकर, एल्डरमेन उमेश यादव, नरेन्द्र गुप्ता, रविन्द्र बघेल के साथ नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सेवा सहकारी समिति में शान से लहराया तिरंगा



सीपत। स्वतंत्रता दिवस पर सेवा सहकारी समिति सीपत में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का वातावरण देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तामेश्वर कौशिक एवं सेवा सहकारी समिति सीपत की प्राधिकृत अधिकारी तुलसी देवी कौशिक ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। तिरंगे के शान से लहराते ही उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। श्री कौशिक ने कहा कि तिरंगा हमारे स्वाभिमान, हमारी एकता और हमारे गौरव का प्रतीक है। देश की आजादी हमें असंख्य वीरों के त्याग से मिली है, इसलिए राष्ट्र के प्रति निष्ठा और कर्तव्यबोध को अपने जीवन का हिस्सा बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। किसानों की समृद्धि और गांवों का विकास भी राष्ट्रनिर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। कार्यक्रम में धनवंतरी भूषण कौशिक, अमित वर्मा, प्रभाकर वैष्णव, दीपाली गुप्ता , जगदीश कौशिक, राजेश सहित सेवा सहकारी समिति के सभी कर्मचारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में देशभक्ति का उत्साह और राष्ट्रीय गौरव का माहौल बना रहा।

स्वतंत्रता संग्राम में मारवाड़ी समाज के योगदान को किया याद



पेंड्रा। अग्रवाल सभा पेंड्रा द्वारा श्री अग्रसेन भवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष सीताराम महलवाला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल समाज पेंड्रा के अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती कमला सातूवाला एवं अग्रवाल महिला मंडल पेंड्रा की अध्यक्ष संतोष महलवाला उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि सीताराम महलवाला ने समाज के सभी महिला-पुरुषों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी के संघर्ष में मारवाड़ी समाज के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले हनुमान प्रसाद पोद्दार, ज्वाला प्रसाद कनोडिया, ओंकारमल सराफ, घनश्याम दास बिड़ला, कन्हैया लाल चितलांगिया, प्रभुदयाल हिम्मत सिंह, सेठ श्रीकिशन सीताराम, पदमचंद पन्नालाल एवं परसराम बजाज सहित अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन गुलाब महलवाला ने किया। अंत में अग्रवाल सभा के उपाध्यक्ष शिव मित्तल ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह में अग्रवाल समाज के महिला एवं पुरुष सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

नपं अध्यक्ष धनेश्वरी ने किया ध्वजारोहण



मल्हार। नगर पंचायत मल्हार में स्वतंत्रता दिवस का पर्व अत्यंत उत्साह, हर्ष और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश्वर कैवर्त्य ने नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अध्यक्ष ने नगर पंचायत कार्यालय में गरिमामय माहौल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सुशील चौबे, पार्षद सपना मिथुन यादव, आशुतोष वर्मा, मिलू केवट, गायत्री देवार, गीता मनराखन केवट, रमेश यादव, कमलेश सिंह ठाकुर, रामफल कांत, जगदीश राय, विष्णु केवट, सरोजिनी कृष्णा चंदू, सुजीत राजभानु, एल्डरमैन रामनारायण कश्यप, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, रवि केवट, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनुभव सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ठाकुर, महामंत्री राजकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष लोकनाथ बंजारे, दिलीप पांडे, राजू तिवारी, जदुनंदन प्रसाद वर्मा, साहेब निर्मलकर, रामकुमार वर्मा, रामकुमार केवट, बहोरन केवट, सहित नागरिक व कर्मचारी उपस्थित रहे। शासकीय माध्यमिक शाला केवटपारा एवं बुधवार बाजार स्थित शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल परिसर में नगर पंचायत अध्यक्ष ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान का गायन किया।

शुभदा सेवा संस्थान ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



मल्हार। शुभदा सेवा संस्था के तत्वावधान में 15 अगस्त को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मध्यनगरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष मोहित राम देवांगन ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर अकत राम सिन्हा, अवधेश कुमार नापित, राजा राम राजभानू, हीरालाल निर्मलकर, दिलीप पाण्डेय, राजकुमार वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित भृगुनंदन प्रसाद तिवारी ने की। समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद पूर्व प्राथमिक स्तर से उच्चतर माध्यमिक स्तर तक के बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषणों की रंगारंग प्रस्तुति दी। बच्चों के अनुशासन और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रदर्शन को देखकर सभी अतिथि और अभिभावक गदगद हो गए। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने आशीर्वचन में बच्चों को देश सेवा और संस्कारों के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की ओर से प्राचार्य प्रदीप कुमार वैष्णव ने स्वतंत्रता के महत्व और शिक्षा में अनुशासन पर बल दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक गोकुल प्रसाद पाटले, जया वैष्णव, करुणेश कुमार नापित सहित सभी शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।



खबर संक्षेप



बिलासपुर। दुर्ग जिला में स्वतंत्रता दिवस के अवसर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव से सपरिवार भेंट की (साथ ही परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री साव के साथ सपरिवार उपस्थित होकर रंगारंग कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

मल्हार पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी सिंह सम्मानित



बिलासपुर। 15 अगस्त को पुलिस ग्राउंड परेड में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने अच्छे कार्य व विवेचना करके अपराधियों को सजा दिलाने पर मल्हार पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी अवधेश सिंह को प्रशस्त्री पत्र देकर सम्मानित किया है।

सुधा बायो पॉवर प्रा. लिमिटेड में लहराया तिरंगा



बिलासपुर। सुधा बायो पॉवर प्रा लिमिटेड बिलासपुर में 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर देश के वीर जवानों व शहीदों को याद कर नमन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी, अधिकारी एवं सुरक्षा कर्मी शामिल शामिल हुए।

पार्षद गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू ने किया ध्वजारोहण



बिलासपुर। नगर निगम वार्ड क्रमांक 5 में स्वतंत्रता दिवस पर भगत सिंह आजाद नगर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया। पार्षद श्रीमती साहू ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए कहा वीर भगत सिंह और चंद्र शेखर आजाद जैसे महान क्रांतिकारियों के आदर्शों पर चलना ही हमारे देश के प्रति सच्ची सेवा है। वार्ड का सर्वांगीण विकास और स्वच्छता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है, जिसमें सभी वार्डवासियों की सहभागिता आवश्यक है। समारोह में दुर्गा पाल, संत सर्वे, सचिन भवानी, गौरव सिंह, विकास साहू, शाला परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय निवासी एवं बच्चे उपस्थित रहे।

पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



बिलासपुर। पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल में मुख्य अतिथि मधुलिका सिंह, जोन कमिश्नर ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का आयोजन शाला के डायरेक्टर डॉ. विनोद तिवारी एवं डॉ. संजना तिवारी के मार्गदर्शन तथा प्राचार्या श्वेता सिंह के नेतृत्व में किया गया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रध्वज फहराने एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने परेड प्रस्तुत की। कदमों की एकरूपता, अनुशासन और विद्यार्थियों के उत्साह ने समारोह में देशभक्ति का जोश भर दिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि मधुलिका सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, एकता और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। पूरे विद्यालय परिसर में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से देशभक्ति का वातावरण बना रहा।

राजपूत क्षत्रिय समाज ने किया ध्वजारोहण



बिलासपुर। अभा राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा महाराणा प्रताप भवन इमलीपारा में मुख्य अतिथि साहित्यकार बृजेश सिंह ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस के सिंह ने की व विशिष्ट अतिथि पी एस ठाकुर थे। इस अवसर पर समाज के जे एन सिंह,विनोद सिंह, एस पी सिंह, प्रेम सिंह, नैन सिंह,अर्जुन सिंह, विजय बघेल, ए एस चंदेल, आर एस परिहार,रविन्द्र सिंह, धनंजय सिंह, मुन्ना सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, किटी सिंह, पी बी एस परिहार, मंजुला परिहार, संध्या सिंह, रश्मि सिंह, सुनीता ठाकुर,उमा राजपूत, सी एम सिंह, अजय सिंह, संतोष सिंह, गुलाब सिंह, आर एन सिंह, दिनेश सिंह, संजय सिंह, भूपेंद्र सिंह, रामचरित्र सिंह, आर के सिंह, विकास सिंह आदि मौजूद थे।

वीर शहीदों के बलिदान को नमन किया गया, बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

आन-बान-शान से लहराया तिरंगा, राष्ट्रगान से गूंजा शहर

बिलासपुर। 80 वां स्वतंत्रता दिवस शहर के विभिन्न शासकीय व अर्ध शासकीय संगठनों में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य परेड पुलिस मैदान में हुआ जहां केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने ध्वजारोहण कर राज्य के नाम लोगों को संदेश दिया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। उत्कष्ट प्रदर्शन करने वाले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। देश के वीर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया।





पुलिस ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में परेड़ की सलामी लेते केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह।



हाईकोर्ट में स्वतंत्रता दिवस का गरिमामय समारोह

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट परिसर में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में देशभक्ति, संवैधानिक मूल्यों और छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन किया।चीफ जस्टिस ने परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद पुलिस बल, एनसीसी और एनएसएस के कैडेट्स ने शानदार मार्च पास्ट किया8 तथा मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान पूरे परिसर में देशभक्ति का माहौल नजर आया। उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और संविधान निर्माताओं के योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकारों का उपभोग नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की जिम्मेदारी भी है। यही भावना लोकतंत्र को मजबूत बनाती है और देश को आगे बढ़ाती है।

समारोह में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति भी हुई। कलाकारों ने पारंपरिक कर्मा नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रस्तुति को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परेड प्रतिभागियों को चीफ जस्टिस ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

समारोह का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के सस्वर गायन के साथ हुआ। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए चीफ जस्टिस एवं अन्य जस्टिस ने हाईकोर्ट परिसर में पौधरोपण किया। समारोह में सभी जस्टिस, महाधिवक्ता, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता, हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अधिकारी-कर्मचारी, न्यायालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड में केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने ध्वजारोहण किया।

■ परेड में जिला पुलिस बल महिला प्रथम रही

इस अवसर पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडे, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, संभागायुक्त सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, सीसीएफ मनोज पांडे मौजूद थे। परेड कमांडर भूपेन्द्र गुप्ता द्वारा राष्ट्रगान की धुन पर सलामी दी गई। पूर्ण वेशभूषा में सजे 13 प्लाटूनों ने अनुशासन, शौर्य और देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य एवं आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया। श्री साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। श्री साहू ने उपस्थित सभी लोगों को तिरंगा शपथ दिलाई। वहीं ब्रह्मकुमारी दीदी ने उपस्थित जनसमुदाय को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रप्रेम, देश के प्रति कर्तव्यबोध और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजनों को सम्मानित किया।

शासकीय कार्यों एवं दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन करने वाले विभिन्न विभागों के 50 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने सहायक जनसंपर्क अधिकारी रचना मिश्रा को उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में एमएलबी प्रथम

परेड प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में जिला पुलिस बल महिला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नगर सेना महिला ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग में एनसीसी जूनियर डिवीजन बिलासपुर ने प्रथम, एनसीसी सीनियर गर्ल्स ने द्वितीय तथा एनसीसी सीनियर बॉयज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला ने प्रथम, एलसीआईटी बोदरी ने द्वितीय तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेशनल कॉन्वेंट स्कूल और पद्माक्षी स्कूल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने समारोह में देशभक्ति और उत्साह का रंग भर दिया। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, दीपक सिंह, हर्षिता पांडे उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन सौरभ सक्सेना एवं मुकुल शर्मा ने किया।

एसईसीएल में सीएमडी हरीश ने किया ध्वजारोहण



वसंत विहार खेल मैदान एसईसीएल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर सीएमडी श्री दुहन ने कहा कि भारत की तेज आर्थिक प्रगति के साथ ऊर्जा की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि हाल के वैश्विक एवं भू-राजनीतिक घटनाक्रमों ने एक बार फिर ऊर्जा सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया है। संकट की परिस्थितियों में घरेलू कोयला देश की ऊर्जा व्यवस्था के लिए एक भरोसेमंद स्रोत साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि एसईसीएल के खनिक श्रमवीरों का परिश्रम देश की ऊर्जा सुरक्षा और राष्ट्र की विकास यात्रा से सीधे जुड़ा है तथा कंपनी गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध कोयला आपूर्ति के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत 2047 के संकल्प में अपना योगदान दे रही है। उन्होंने एसईसीएल परिवार के सभी कर्मचारियों, श्रमिकों, परिवारों एवं हितधारकों के सामूहिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इसी एकजुटता और प्रतिबद्धता के साथ एसईसीएल राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निरंतर मजबूत करता रहेगा। कार्यक्रम में निदेशक (तकनीकी-संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक (तकनीकी-योजना एवं परियोजना) रमेश चंद्र महापात्र, एसईसीएल परिवार की प्रथम महिला एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन, उपाध्यक्षागण - अनिता फ्रैंकलिन, इप्सिता दास, हसीना कुमार, विनिता जैन एवं शुभश्री महापात्र सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

रेलवे महाप्रबंधक ने आजादी का बताया महत्व



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय बिलासपुर में स्वतंत्रता दिवस पर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने मुख्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह के दौरान महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने रेलवे सुरक्षा बल, सिविल डिफेंस, सेंट जॉन्स एम्बुलेंस, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड के जवानों एवं स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड का निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक ने कहा कि 15 अगस्त केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उन अमर स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करने का पावन अवसर है। उन्होंने सभी से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। महाप्रबंधक ने कहा कि भारतीय रेलवे देश की एकता, प्रगति और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने वाली सशक्त जीवनरेखा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भी संरक्षित, समयबद्ध, आधुनिक एवं यात्री-केंद्रित रेल सेवाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने सेवा, संरक्षा, नवाचार और उत्कृष्टता के मूल्यों के साथ भारतीय रेलवे को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प दोहराया। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्टेशनों के आधुनिकीकरण, यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं डिजिटल सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 15 स्टेशनों पर विकास कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जिनमें से 6 स्टेशनों का उद्घाटन हाल ही में पीएम द्वारा किया गया। गत वर्ष 14 एस्केलेटर, 5 लिफ्ट एवं 12 नए फुट ओवर ब्रिज की सुविधा दी है।

सीएमडी कॉलेज में डॉ. दुबे ने किया ध्वजारोहण

सीएम दुबे महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे ने महाविद्यालय में ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता असंख्य वीरों के त्याग, तपस्या और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि देशभक्ति सच्ची सेवा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने, शिक्षा प्राप्त करने, समाज के प्रति जिम्मेदार बनने और राष्ट्रहित में कार्य करने से भी होती है। उन्होंने युवाओं को अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रभक्ति को अपने जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीद सैनिक परिवार को सम्मानित किया।

शासी निकाय के सदस्य अमन दुबे ने कहा कि आज का युवा भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर शिक्षा, सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करें। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रोहित लहरे के मार्गदर्शन में कैडेट्स ने अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। देशभक्ति गीत, कर्मा और आदिवासी सामूहिक लोक संस्कृतिक कला पद्मश्री तीजन बाई को श्रद्धा सुमन अर्पित कर पंडवानी का भी गायन किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तुति में नारायण, लोकेश ओंगरे , चंचल घृतलहरे, जिया वारे, तनु साहू, निशा गुप्ता, खुशी पाण्डेय, तुलसी, रागनी, जाग्रति, रिया कंचन, प्राची, निशा, आदर्श, विकास, विपिन, राम, विनीत, मंजीत संस्कृत कल्चरल की प्रस्तुति की। सौम्या सड़ंगी, गुलाब पाठक के नेतृत्व में छात्राओं ने एकल नृत्य प्रस्तुति की और डॉ समेला चटर्जी के नेतृत्व में छात्रों ने गीत की प्रस्तुति दी।



स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों और वीर सेनानियों को नमन किया । समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह, डॉ के के शुक्ला, लेफ्टिनेंट रोहित लहरे, दीपक सेठ, श्वेता मिश्रा, राजेश निराला, शेखर आनंद , नरेंद्र लहरे,भीखम वर्मा, वंदना गोस्वामी,प्रतीक्षा सिंह, आदि मौजूद थे। सी एम दुबे स्नातकोत्तर के राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी ने पुलिस ग्राउंड परेड में भी तृतीय स्थान प्राप्त कर अपना नाम रोशन किया। इसका नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर हर्ष ने किया।



महर्षि विवि में डॉ. नीता ने किया उत्साहवर्धन



महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह कुलपति एवं विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉक्टर डॉ. नीता तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं समर्पण की भावना के साथ सभी ने राष्ट्रीय भावनाओं को आत्मसात किया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की गौरवशाली गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत करते हुए गुरु पूजन का आयोजन किया गया। डॉ. नीता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति के आशीर्वचनों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति, भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। जिसे सभी ने खूब सराहा। देशभक्ति गीतों पर आधारित यह सांस्कृतिक कार्यक्रम काफी प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम का संचालन कुलसचिव डॉ विजय गारूडिक एवं डॉ. गीता होता ने किया। इस अवसर पर डॉ अनीता सिंह एवं डॉ शिल्पा सरकार आदि का सहयोग रहा। अंत में बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मित्तल फर्नीचर में अग्रवाल समाज ने किया ध्वजारोहण



गौरवपथ स्थित मित्तल फर्नीचर में अग्रवाल समाज के लोगों ने ध्वजारोहण किया । मुख्य अतिथि भोलाराम मित्तल अध्यक्ष अग्रसेन जयंती समारोह एवं विशिष्ट अतिथि राजू केडिया, रिटायर्ड एयरवाइस मार्शल डॉ. पंकज त्यागी द्वारा किया गया ।

भोलाराम मित्तल ने बताया कि महात्मा गाँधी, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद एवं महारानी लक्ष्मी बाई एवं अनेकानेक स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए प्रयासों से ही हमें आजादी प्राप्त हुई है। उनके ऋण को देशवासी नही चुका सकते हैं। विशिष्ट अतिथि राजू केडिया ने शुभकामनाए दी। डॉ. त्यागी द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया । संजय मित्तल ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओ ने भी हिस्सा लिया। प्रस्तुति देने वालो को पुरस्कृत किया गया । आयोजक संजय मित्तल एवं पवन मित्तल थे । इस अवसर पर वासुदेव सिंघानिया, विशाल केजरीवाल, चन्दन कनोडिया, दीपक गोयल, अजय तायल, एवं अनूप सुल्तानिया, गायत्री देवी मित्तल, मीना अग्रवाल, रिंकी तायल, प्रीति मित्तल, कविता मित्तल, सरिता गोयल, कंचन कनोडिया, हेमा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल एवं स्वेता झुनझुनवाला उपस्थित थीं ।

देशभक्ति के रंग में रंगा रमन विश्वविद्यालय



डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी, सम कुलपति डॉ. जयंती चटर्जी, डॉ. साकेत सिंह चंदेल, डॉ. निकेत कुमार शुक्ला सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उपयोग करने का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। युवाओं को शिक्षा, अनुशासन और नवाचार के माध्यम से देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में योगदान देना चाहिए। सम कुलपति डॉ. जयंती चटर्जी ने कहा कि सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन और देशभक्ति का परिचय देते हुए कुलपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए राष्ट्रसेवा और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति के दुष्परिणामों पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए नशा मुक्ति का संकल्प लिया।

घुटकू फैक्ट्री के संचालक झा ने कर्मचारियों के लिए किया डिस्पेंसरी का शुभारंभ, 24 घंटे मिलेगी सुविधा

ग्राम घुटकू स्थित फैक्ट्री परिसर में फैक्ट्री के संचालक प्रवीण झा ने तिरंगा फहराकर सलामी दी। इस अवसर पर कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए डिस्पेंसरी का शुभारंभ किया गया। डिस्पेंसरी संचालन में प्रवीण झा, प्रदीप झा और दिव्यांश झा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

श्री झा ने कहा कि यह दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, देश के उन असंख्य वीर शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का भी दिन है, जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। उन्होंने सभी



कर्मचारियों से राष्ट्रहित, एकता और अखंडता के प्रति अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। समारोह का विशेष आकर्षण फैक्ट्री परिसर में कर्मचारियों के लिए डिस्पेंसरी का शुभारंभ रहा। श्री झा ने फीता काटकर डिस्पेंसरी का उद्घाटन किया तथा स्वयं स्वास्थ्य जांच कराकर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां डॉक्टर निर्धारित समय पर उपलब्ध रहेंगे। डिस्पेंसरी के संचालन और व्यवस्थाओं में प्रवीण झा, प्रदीप झा और दिव्यांश झा की सहभागिता रहेगी। कर्मचारियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए यहां 24 घंटे कम्पाउंडर की उपलब्धता की गई है। श्री झा के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधा को कार्यस्थल से जोड़ने की पहल की गई है। कार्यक्रम ने कर्मचारियों के बीच देशभक्ति और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
अनिल सलूजा नवीन सलूजा अमन सलूजा
सौजन्य: गुरूनानक ज्वेलर्स थाना के सामने लोरमी

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
पवन अग्रवाल
कांग्रेस नेता लोरमी विधानसभा

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
यतींद्र खत्री
ओ.के. ब्रिक्स एण्ड ट्रॉसपोर्ट
चिमनी ईंट भट्ठा फारेस्ट नर्सरी के
पास वार्ड क्र. 17 तुलसाघाट लोरमी

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती मायारानी सिंह
योगेन्द्र सिंह ठाकुर (छोटे राजा)
डॉ. राहुल सिंह ठाकुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
श्रीमती खुशबू वैष्णव
श्री आदित्य वैष्णव

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमति चंद्रकली पोर्ते
सरपंच
शत्रुहन डडसेना
सचिव
विनीतः ग्राम पंचायत कोसाबाड़ी

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
विनय साहू
प्रदेश मंत्री भाजपा
सौजन्य : एक शुभचिंतक

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
अभिनव कुमार
वनमंडलाधिकारी
दशांश सूर्यवंशी
उप वनमंडलाधिकारी
अनिरूद्ध कश्यप
वन परिक्षेत्र अधिकारी खुड़िया
रूद्र सिंह राठौर उप वन परिक्षेत्र अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ
सौजन्य : समस्त वन प्रबंधन समिति वन परिक्षेत्र खुड़िया

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री एस.एल. गेंदले
एस.डी.ओ. एवं समस्त उपयंत्री कर्मचारीगण
जल संसाधन संभाग, लोरमी

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री मुकेश मरावी
चेयरमेन
सिद्धीविनायक महाविद्यालय, लोरमी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई...
श्याम प्रजापति
दीपक प्रजापति
एस.पी.चिमनी ईंट भट्ठा पुटुपारा, लोरमी

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री संतोष कौशिक
प्रबंधक
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
लोरमी एवं समस्त स्टाफ

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
सुश्री जूही वर्मा
वन परिक्षेत्र अधिकारी
लोरमी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
श्रीमति प्रतिमा रंगनाथ श्रीवास
सरपंच
श्री महंत हरिशंकर दास
उपसरपंच
रोशन साहू
सचिव
विनीत: समस्त पंचगण - ग्राम पंचायत डोंगरिया

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रवीण शुक्ला
एस.डी.ओ
लोक निर्माण विभाग लोरमी

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
विजय साहू
वन परिक्षेत्र अधिकारी
अचानकमार टाईगर रिजर्व
बफर जोन लोरमी

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री कंवर जी
उद्यान अधीक्षक
संजय निकुंज सारधा
भगवती साहू
उप संचालक
उद्यान विभाग

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
तुलाराम साहू
संचालक
जितेन्द्र पाठे
प्राचार्य
मां गंगा देवी पब्लिक स्कूल बोडतराकला एवं मां गंगा देवी उच्चतर माध्यमिक
गोडखाही में प्रवेश प्रारंभ है।

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
योगेश सोनी
कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा
जनपद पंचायत लोरमी

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रवण कश्यप
प्रबंधक
समस्त कर्मचारी
सेवा सह. समिति
सुरेठा पं. क्र 841
टैकराम साहू
अध्यक्ष

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
कमलेश राठौर
एस.डी.ओ. एवं समस्त स्टाफ
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग लोरमी

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ. जी.एस.दाऊ
जी.एम.ओ. एवं समस्त स्टॉफ
सामुदामिक स्वास्थ्य केन्द्र लोरमी

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
वेयर हाउस लोरमी

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
मान. श्री अरूण साव जी
विधायक लोरमी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
सौजन्यः- समस्त भाजपा कार्यकर्ता लोरमी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
श्री रणवीर आनंद
चेयरमैन
ममतामयी मिनीमाता
महाविद्यालय लोरमी
श्री रणवीर आनंद

सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
संकलनकर्ता
कृष सोनी
हरिभूमि प्रतिनिधि लोरमी

खबर संक्षेप

बिल्हा एसडीएम कार्यालय में मना स्वतंत्रता दिवस



बिल्हा। अनुविभागीय कार्यालय परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुविभागीय अधिकारी द्वारा महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद परिसर में तिरंगा ध्वज फहराया गया। समारोह में एसडीओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद सभी ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन किया तथा राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। पूरे परिसर में देशभक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

सेजेस पंधी में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



लगरा। सेजेस पंधी में स्वतंत्रता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि राधेश्याम मिश्रा सहित शाला विकास समिति के अध्यक्ष, वीरेंद्र साहू उपाध्यक्ष एवं पंधी ग्राम के सरपंच जोहन वस्त्रकार, ममता वस्त्रकार, बसंत पुरी गोस्वामी, कृष्ण कुमार भट्ट, कयूम खान, ललित पटेल एवं लव यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीकांत धर दीवान, हरीश श्रीवास, रामायण पुरी गोस्वामी, कृष्ण वर्मा एवं भरतपुरी गोस्वामी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरस्वती वंदना एवं शहीदों तथा देशभक्त महापुरुषों के चित्रों ओर पूजन-अर्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के कक्षा नायकों एवं छात्र-छात्राओं ने उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। शाला की वरिष्ठ व्याख्याता रोमा सरकार ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन कराया। इस कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्यम विद्यालय पंधी के प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सीपत क्षेत्र में हुए विविध कार्यक्रम

सीपत। देश की आजादी की 80वा वर्षगांठ के शुभ अवसर स्वतंत्रता दिवस पर सीपत नगर सहित क्षेत्र के आस पास बड़े ही आन बान शान से ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के शासकीय एवं अशासकीय स्थानों में ध्वजारोहण किया। खम्हरिया ग्राम पंचायत सरपंच श्वेता शैलेंद्र खांडेकर ने ग्राम पंचायत, कन्या एवं बालक हाई हायर सेकेंडरी स्कूल में ध्वजारोहण किया। कौड़िया सरपंच सरिता परमेश्वर साहू ने ग्राम पंचायत कौड़िया में ध्वजारोहण किया। मल्टी परपस हायर सेकेंडरी स्कूल खम्हरिया में स्कूल के संचालक अहमद मोमिन एवं प्राचार्य ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति के साथ मनाया गया।

निधन

कात्यायनी तिवारी



बिलासपुर। देवरीखुर्द के प्रतिष्ठित नागरिक दुर्गा प्रसाद तिवारी की पत्नी श्रीमती कात्यायनी तिवारी का 71 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 10 बजे तोरवा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेश तिवारी की माता थीं।

भगवती देवी तिवारी



सकरी। ग्राम हांफा निवासी भगवती देवी तिवारी का 96 वर्ष की आयु में रविवार 16 अगस्त को निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सतरूपा, मुन्नी देवी की मां एवं राजेश तिवारी की नानी थीं।

अवधेश मिश्रा



तखतपुर। वार्ड 12 निवासी अवधेश मिश्रा 65 वर्ष का 16 अगस्त को निधन हो गया। वे विजय मिश्रा, संजय मिश्रा के भाई एवं शुभम मिश्रा के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में 17 अगस्त को प्रातः 10 बजे किया जाएगा।

किशोर श्रीवास

बिलासपुर। ग्राम पेंडरवा निवासी श्रवण श्रीवास के पुत्र



किशोर श्रीवास का 15 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 अगस्त को सीतामणी-कोरबा में किया गया। वे निखिल, हिमांशु के बड़े भाई एवं संतोष श्रीवास के भतीजे थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

अंचल में हर्ष के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

आजादी के लिए सेनानियों ने दिया बलिदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



नगर के शहीद स्मारक में ध्वजारोहण करते अतिथि।

स्वतंत्रता दिवस पर क्षेत्र में हर्ष उल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने जनपद पंचायत में ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि यह हमारा राष्ट्रीय पर्व है इस दिन हम उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते है। जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर देश को स्वतंत्र कराया। इस अवसर पर सीईओं सत्यव्रत तिवारी, परमेश्वर पटेल, मनहरण कौशिक, सीमा श्रीवास, श्याम सिंह ध्रुव, जया जलेश्वर साहू, कविता महेश यादव, ऋषभ कश्यप, अनिल टाण्डे सहित अन्य उपस्थित रहे। गांधी चौक पर पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप ताम्रकार एवं आभार प्रदर्शन परविंदर खेड़ा ने किया।

शहीद स्मारक- शहीद स्मारक पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जगजीत सिंह मक्कड़, नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, सुरेंद्र कौर मक्कड़, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, बसंत गुप्ता, अजय सिंह ठाकुर, बिहारी देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, मुकीम अंसारी, लवली हूरा, पूजा गुप्ता, मिर्जा बेग, नट्टू जायसी, राजू ठाकुर, राकेश देवांगन, रवि डग्गा सहित अन्य उपस्थित रहे।

नगर पालिका कार्यालय- नगर पालिका में सेवानिवृत बैंक कर्मचारी बीसी कुर्रे एवं राजकुमारी डाहिरे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर एसडीएम नितिन तिवारी, तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला, जगजीत सिंह मक्कड़, नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, सुरेंद्र कौर मक्कड़, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, कोमल सिंह ठाकुर, इस्लाम अंसारी, अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, ज्ञान सिंह ठाकुर, आरती शिवहरे, प्रियंका आहुजा, बसंत गुप्ता, अजय सिंह ठाकुर, बिहारी देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, मुकीम अंसारी, लवली हूरा, पूजा गुप्ता, मिर्जा बेग, नट्टू जायसी, राजू ठाकुर, राकेश देवांगन, रवि डग्गा सहित अन्य उपस्थित रहे।

व्यवहार न्यायालय- व्यवहार न्यायालय में व्यवहार न्यायाधीश ऋचा यादव ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अशोक ठाकुर, विवेक पाण्डेय, रूपेश तिवारी, अजय सोनकर, पारथ ठाकुर, सतीश कश्यप, योगेश गंधर्व सहित अन्य उपस्थित रहे। अनुविभागीय अधिकारी नितिन तिवारी ने एसडीएम और तहसील कार्यालय में ध्वजारोहण किया। आरक्षी केंद्र में ध्वजारोहण थाना प्रभारी अवनीश पास ने किया।

दिनेश राजपूत ने किया ध्वजारोहण- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत ने बीईओं कार्यालय, कृषि विभाग, जनपद स्कूल में ध्वजारोहण किया। महादेव कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में ध्वजारोहण में सरपंच पूजा प्रमोद बरेठ ने ध्वजारोहण किया। वार्ड 9 के आंगनबाड़ी केंद्र में ध्वजारोहण पार्षद परमजीत लवली हूरा ने किया।



बोदरी नपा कार्यालय में नीलम ने किया झण्डारोहण

बिलासपुर। नगर पालिका परिषद बोदरी परिसर में स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा द्वारा तिरंगा झंडारोहण किया गया।

अध्यक्ष ने देश भक्ति का संदेश दिया, तत्पश्चात स्वल्पाहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष शिमला वर्मा, सभापति विजय वर्मा, श्याम आर्या, फिरतुराम बनवारे, प्रीति लक्ष्मी नारायन मरावी, डॉली दीपक जगवानी, लता विष्णु साहू, जोहित राम धुरी, अतुल ध्रुव, सुरेश केंवट, रोहित साहू, मुकेश वाधवानी, भावना आशीष खत्री, सीएमओ प्रदीप मिश्रा, उप अभियंता रश्मि देवांगन, भूमिका शास्त्री, लेखपाल राधेश्याम यादव, भूपेश तिवारी, विकाश शर्मा एल्डरमैन घासीराम श्रीवास, बलदेव गिरी गोस्वामी, ज्योति कुलदीप एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

सकरी में निकाली गई तिरंगा यात्रा



बिलासपुर। सकरी हाईस्कूल ग्राउंड से मिडिल स्कूल बस स्टैंड तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर रवि मेहर मंडल अध्यक्ष, जिला मंत्री राजकमल साहू, अमर गुप्ता दिलीप कोरी पार्षद, महाबली कौशल समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सीपत में सरपंच मनीषा ने फहराया तिरंगा



सीपत। ग्राम पंचायत सीपत की सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने ग्राम पंचायत सीपत सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। उनके द्वारा ग्राम पंचायत सीपत, कन्या हायर सेकंडरी स्कूल, बालक प्राथमिक शाला एवं आदर्श इंदिरा बाल मंदिर सीपत में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान उपसरपंच श्यामा शशिकांत साहू , सचिव हेमंत पटेल सहित सभी पंच व पंचायत कर्मी उपस्थित रहे।

श्रीमती योगेश वंशकार ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद किया। उन्होंने कहा कि आजादी केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि इसे सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। ग्राम पंचायत के विकास के साथ शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और युवाओं की प्रगति को प्राथमिकता देते हुए सीपत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाना हमारा संकल्प है। ध्वजारोहण कार्यक्रमों में विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के उत्साह को और बढ़ाया। सरपंच के नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र के अलग-अलग संस्थानों में ध्वजारोहण से ग्रामीणों में भी उत्साह और गौरव की भावना देखने को मिली। तिरंगे की शान, शहीदों का सम्मान और सीपत के विकास का संकल्प , इसी संदेश के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया।



शहीद कुर्रे की स्मृति में बिल्हा पुलिस ने निकाली बाइक रैली

बिल्हा। शहीद जवान बिशुन दास कुर्रे की वीरता और शहादत को नमन करते हुए बिल्हा पुलिस के जवानों ने पहली बार बाइक रैली निकाली। थाना प्रभारी तोप सिंह नवरंग एवं सब इंस्पेक्टर जी.एल. चंद्राकर के मार्गदर्शन में निकली रैली बिल्हा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शहीद के गृह ग्राम परसदा स्थित शहीद चौक पहुंची। शहीद बिशुन दास कुर्रे नारायणपुर जिले के ओरछा क्षेत्र के विहंगम जंगल में 25 जून 2008 को नक्सली मुठभेड़ के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनकी शहादत की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन की ओर से उनके गृह ग्राम परसदा में शहीद स्मारक चौक का निर्माण कराया गया है। रैली में शामिल पुलिस जवानों ने शहीद स्मारक पहुंचकर शहीद बिशुन दास कुर्रे को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनकी वीरता एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। इसके बाद बाइक रैली पुनः बिल्हा के प्रमुख मार्गों से होते हुए थाना परिसर पहुंची। रैली ने नगरवासियों में देशभक्ति और शहीदों के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया।

भारत भूमि प्राणों से प्यारा है: त्रिलोक



बिलासपुर। कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास स्वतंत्रता दिवस पर बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लगरा, बैमा, नगोई समेत कई स्थानों पर कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम समस्त भारतीयों को 140 करोड़ से ज्यादा लोगों को हमारी यह भारत भूमि, भारत माता प्राणों से भी प्यारा है। हम मातृभूमि के लिए सर्वस्व निछावर करने के लिए तत्पर हैं। सभी लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि स्वतंत्रता दिवस अमर शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अतुलनीय योगदान को स्मरण करने का पावन अवसर है, समस्त राष्ट्र उनके सामने कृतज्ञ हैं। इस अवसर पर मुकेश अग्रवाल कौशल श्रीवास्तव शुभम श्रीवास महेश मिश्रा मोहन जायसवाल पंडित जितेंद्र शर्मा मुखराम सूर्यवंशी ओमप्रकाश श्रीवास शत्रुघ्न साहू लक्ष्मी यादव अशोक यादव इंदु वाला ठाकुर प्राचार्य धनंजय कुंभकार सुनीता वस्त्रकर जयसवाल मैडम त्रिपाठी मैडम सहित अंचल के हजारों छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

सशिमं विवेक विहार में ध्वजारोहण

मुंगेली। सरस्वती शिशु मंदिर विवेक विहार में पं. दीनानाथ उपाध्याय, प्रकाश लोढ़ा द्वारा ध्वजारोहरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विवेकानंद बाल कल्याण समिति के उपाध्यक्ष पं. दीनानाथ उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि अभय चोपड़ा सह सचिव विवेकानंद बाल कल्याण समिति, प्रकाश लोढ़ा अध्यक्ष विवेकानंद बाल कल्याण समिति मीहालाल शिवनाणी, जेठमल कोटडिया, वीरेन्द्र मिश्रा, मुकेश उपाध्याय, समिति के सदस्य व अभिभावक बंधु, पूर्व छात्र उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन नरेन्द्र श्रीवास्तव ने किया।

लोरमी क्षेत्र में शान से लहराया तिरंगा



लोरमी। देश की आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस पर नगर एवं ग्रामीण अंचल में शान से तिरंगा फहराकर सलामी दी गई। स्कूली बच्चों के द्वारा परेड निकालकर खुशियां मनाई गई। नगर पालिका में सुजीत वर्मा ने ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, सभापति एवं पार्षद,एलडमेंन ,एमओ चंदन शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। जनपद पंचायत में अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, सभापति एवं सीईओ सुरेश कंवर की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। एटीआर कार्यालय में डीएफओ यूआर गणेश ने ध्वजारोहण किया। वनविभाग में एसडीओ दशांस सूर्यवंशी ने ध्वजारोहण किया। विधायक निवास में गुरमीत सलूजा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंजना दास एवं वरिष्ठ भाजापाइयो ने ध्वजारोहण किया। इसी तरह आत्मानन्द स्कूल में विनय साहू, विश्वास दुबे एवं अरुण जायसवाल ने ध्वजारोहण में उपस्थित रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉ जीएस दाऊ की उपस्थिति में ध्वजारोहण हुआ। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व जनपद अध्यक्ष पवन अग्रवाल, अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर, प्रदीप दुबे, आदित्य वैष्णव, परमेश्वर गुप्ता सहित अन्य की उपस्थिति में ध्वज फहराए। सरस्वती शिशु मंदिर में एल्डरमैन नितेश मिंटू अग्रवाल एवं अन्य वरिष्ठों ने ध्वजारोहण किया। सिचाई विभाग में एसडीओ एसएल गेंदले एवं लोक निर्माण विभाग में एसडीओ प्रवीण शुक्ला की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। ग्राम देवरहट के हाईस्कूल में सरपंच संघ अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय बतौर मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया, साथ ही सरस्वती सायकल योजन अंतर्गत सायकल वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जनपद सदस्य चंपा साहू ,लखन ध्रुव सरपंच, राजू, दादू यादव, प्राचार्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

लोरमी। शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरिया में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच प्रतिमा रंगनाथ श्रीवास रहीं। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नागेंद्र पटेल, संदीप सोनी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष धनिराम कोल रहे। साथ ही शंकर लाल खत्री, अमित खत्री, भागीरथी जायसवाल, विनय जायसवाल उपस्थित रहे।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

सूचना

क/क/रा.नि./2026
जूना बिलासपुर दिनांक 03/08/2026

प्रति, 1. सुरेश हरियाणी 2. सुरेश वाधवानी 3. रजनीश मेहता 4. अविनाश मेहता अन्य सर्वसंबंधित हितबद्ध पक्षकार।
(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज / आवेदक के बताए अनुसार)
विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह/वाचक/2026 बिलासपुर दिनांक 30/07/26

आवेदक सुरेश हरियाणी निवासी जरहागांव के द्वारा जूना बिलासपुर प.ह.न. 38 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 36/6 रकबा 0.160 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 17/08/26 को समय 11-5 बजे किया जायेगा।

अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

प्रारूप (तीन)
शपथ पत्र का प्रारूप

शपथ पत्र (नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)

मैं हीरालाल जांगड़े (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र/पत्नि रामप्रसाद निवासी ग्राम-धौराभाठा पोस्ट हिर्री तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ एतद् द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ:-
1. मैं ग्राम धौराभाठा पोस्ट हिर्री तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ। 2. मै अपने नाबालिग पुत्री तनीक्षा जांगडे से बदलकर कनिक्षा जांगडे करवाना चाहता हूं। 3. मैं अपने पुत्री का नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिये स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। 4. मेरी पत्नि राजेश्वरी बाई (पत्नि/पति का नाम) को हमारे/हमारी नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है। 5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

हीरालाल जांगड़े

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर

सीमांकन सूचना/स्थल जांच

प्रति, 1. कविता अवस्थी 2. गोरे सिंह क्षत्रिय 3. रमेश साहू अन्य हितबद्ध पक्षकार 4. एस.आर. रत्नाकर
विषय:- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह/ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 07/08/2026

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.न. 43. रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 11/7 रकबा 0.0930 एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी कविता अवस्थी पिता/ पति पी.के. अवस्थी निवासी मसानगंज के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 17/08/26 को समय 11:00 से 5:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सुचना जाने।
टीप:- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।

राजस्व निरीक्षक, सकरी

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार(1) दिप्ती तिवारी पति आलोक तिवारी, निवासी- शुभम विहार बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.), (2) C.R. तिवारी पिता स्व. सीताराम तिवारी निवासी जोरापारा सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकारो ने मौजा सकरी,प.ह.नं. 45, तहसील सकरी {मन2}, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 52/4 रकबा 0.1620 हैक्टेयर एवं ख.नं. 49/9 रकबा 0.0770 हैक्टेयर को भूमि स्वामी आकाश बजाज एच यू एफ पिता गोविंदराम बजाज निवासी राधास्वामी सत्संग के बगल दीप भवन बलराम टॉकीज रोड जरहाभाठा बिलासपुर,तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के पास क्रय करने का पक्का सौदा किया है। उक्त भूमि के खरीदी के एवज में मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी आकाश बजाज पिता गोविन्दराम बजाज को बयाना राशि दिया है। जिसका निकट भविष्य में रजिस्ट्री किया जाना है। ऐसी स्थिति में उक्त भूमि के खरीदी-बिक्री के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था / निकाय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर समस्त दस्तावेज सहित अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि पश्चात की गई दावा आपत्ति अमान्य मानी जावेगी।
सो सूचना जाने।
दिनांक: 16/08/2026

भवदीय
तोषण अग्रवाल अधिवक्ता
जोरापारा, जोरा तालाब के पास,
सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 7898855268

न्यायालय तहसीलदार जरहागांव,
जिला मुंगेली (छ.ग.)
// ईश्तहार//

रा0प्र0क0 /ब-121/2025-26
रा.प्र.क. ग्राम भटीखुर्द प0ह0नं0 01

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम भठलीखुर्द को सूचित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष, शिव कुमार पाठक, श्री रामजानकी मंदिर कल्याण सेवा समिति सेमरसल, तहसील लालपुर थाना, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम भटलीखुर्द स्थित भूमि ख.नं. 385/2,494/1 रकबा 0.223, 0.077 हेक्टे, भूमि जो कि श्रीराम जानकी मंदिर सर्वाराकार रामसेवक दास वैष्ण, प्रबंधक जिलाध्यक्ष बिलासपुर के नाम पर दर्ज है। श्रीराम जानकी मंदिर सेमरसल के महंत रामसेवक दास की मृत्यु दिनांक 20.04.1982 को हो चुका है। अतः उक्त भूमि को वर्तमान महंत श्री बालमुकुंद वैष्णव पिता लक्ष्मण दास वैष्णव गुरू बाबा रामसेवक दास, निवासी ग्राम सेमरसल के नाम पर दर्ज कर रिकॉर्ड दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र श्रीमान् कलेक्टर महोदय जिला मुंगेली के माध्यम से इस कार्यालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी आम व खास व्यक्ति को कोई आपत्ति / दावा या उजर हो तो वे स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 26/08/2026 तक मेरे समक्ष पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/08/2026 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।

तहसीलदार
जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ0ग0)
// ईश्तहार//

रा0प्र0क0 / बी-121/202....
ग्राम- सारधा प.ह.नं. 30
तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ0ग0)

एतद् द्वारा ग्राम सारधा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका राजेन्द्र सिंह पिता/पति बुधराम जाति राजपूत निवासी ग्राम सारधा तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/पत्नी दिग्विजय सिंह पिता/पति राजेन्द्र सिंह हेतु केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु / शैक्षणिक संस्थाओ मे प्रवेश हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का आवेदन के साथ आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं ऋण पुस्तिका की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो, तो वह दिनॉक 21/08/26 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनॉक 07/08/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार लोरमी,
जिला मुंगेली (छ0ग0)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल अटल विहार योजना चिल्हाटी, बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक EWS 217, मूल आबंटी श्रीमती रजनी शुक्ला पति श्री विनोद कुमार शुक्ला, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 04.05.2017 को पंजीकृत किया गया हैं। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 01.07.2026 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री अजय लहरे पिता श्री रामसहाय लहरे के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय / अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)







श्रीमती अनिला भेड़िया
विधायक, डोंडीलोहारा
पूर्व मंत्री छ.ग. शासन

श्रीमती ज्योत्सना महंत
सांसद, कोरबा लोकसभा

श्रीमती फूलो देवी नेताम
सांसद राज्यसभा

श्रीमती अनिता शुक्ला
सदस्य-जिला पंचायत

AUG
16

भाई राजेन्द्र शुक्ला जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

J.J.Ad

सतनाम सिंह खनूजा
पूर्व अध्यक्ष-नगर पंचायत सिरगिटटी
पूर्व उपाध्यक्ष-जनपद पंचायत बिल्हा

श्रीमती पूजा सतनाम खनूजा
पूर्व सदस्य-राज्य बाल संरक्षण आयोग छ.ग. शासन
पूर्व सचिव-प्रदेश महिला कांग्रेस

विनीत : भाई का शुभचिंतक

खबर संक्षेप

396 यात्रियों से 3 लाख 12 हजार की वसूली

बिलासपुर। रेल मंडल बिलासपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जोनल स्टेशन में नाका टिकिट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें में स्टेशन आने-जाने वाले सभी ट्रेनों की जांच की गई, जिसमें वाणिज्य निरीक्षक, मुख्य टिकिट निरीक्षक एवं टीटीई स्टाफ शामिल थे। अभियान के दौरान बिना टिकिट सफर करने वाले 283 यात्रियों से 2 लाख 47 हजार 790 रुपए, अनियमित टिकिट के 86 यात्रियों से 61 हजार 560 रुपए, बिना बुकिंग किए लगेज ले जाने वाले 27 यात्रियों से 2 हजार 890 रुपए सहित 396 यात्रियों से 3 लाख 12 हजार 240 रुपए का जुर्माना वसूल किया।

21.53 मिलियन टन माल का लदान

बिलासपुर। रेलवे ने जुलाई में 21.53 मिलियन टन का माल लदान किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की सामान अवधि की तुलना और मासिक माल लदान में 4.16 फीसदी की वृद्धि है। 31 जुलाई तक संचयी आधार पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 87.56 मिलियन टन माल लदान किया, जो पिछले वर्ष की अवधि की तुलना में 2.66 फीसदी अधिक है। जुलाई 2026 के दौरान माल राजस्व 2636.58 करोड़ रहा, जिसमें 4.65 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं 31 जुलाई तक संचयी माल राजस्व 10490.77 करोड़ था, जो रेलवे के निरंतर सुदृढ़ माल परिवहन प्रदर्शन को दर्शाता है। इसके अलावा बेहतर परिचालन क्षमता के परिणामस्वरूप रेलवे ने 11.26 करोड़ का अतिरिक्त माल राजस्व अर्जित किया है, जो 4.70 फीसदी अधिक है।

मृत रेलकर्मियों के परिजन को भुगतान

बिलासपुर। मंडल के कार्मिक विभाग ने एसबीआई द्वारा रेलवे सैलरी पैकेज अंतर्गत दिवंगत रेल कर्मचारी पूर्व टैक मेंटेनर स्वर्गीय मनहरण लाल कमल की धर्मपत्नी को 1 करोड़ 10 लाख रुपए और दिवंगत रेल कर्मचारी पूर्व ट्रैक मेंटेनर स्वर्गीय राज बहादुर थापा की धर्मपत्नी को 10 लाख की बीमा दावा राशि प्रदान की। इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी यूएसएस राव, मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक इंचार्ज आलोक कुमार सक्सेना, मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक राहुल मजूमदार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

ट्रेनों में अतिरिक्त कोच 24 तक

बिलासपुर। रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से आयोजित लेवल 1 कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए तीन एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में एक-एक अतिरिक्त जनरल कोच व जनशताब्दी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त सेकेंड सीटिंग कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसमें रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त कोच की सुविधा रायपुर से 23 अगस्त तक और कोरबा से 24 अगस्त तक, बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस में 22 अगस्त और चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस में 23 अगस्त तक, चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर में 23 अगस्त तक और चंदिया रोड से चिरमिरी पैसेंजर में 23 अगस्त तक, गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी 22 अगस्त तक और 12069 रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी में 23 अगस्त तक कोच की सुविधा दी जाएगी।

तीनों डिवीजन में किया जा रहा है कार्य

कवच में यदि पायलट तय गति सीमा या लाल सिग्नल का ध्यान नहीं रखता, तो यह सिस्टम स्वयं ब्रेक लगा देता है

2430 किमी पर कवच का विस्तार, ट्रेन दुर्घटना में आई कमी, यात्रियों को राहत

बिलासपुर। ट्रेन दुर्घटना को रोकने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन में भी स्वदेशी नीति कवच का काम शुरु कर दिया गया है। इस दौरान तीनों डिवीजन में करीब 2430 रूट किलोमीटर पर कवच का विस्तार किया जा रहा है, जिससे ट्रेनों की दुर्घटना में कमी आई है।

कवच रेलवे की ओर से विकसित स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है, जिसे अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन आरडीएसओ ने तैयार किया है। इसका मुख्य उद्देश्य लोको पायलट की गलती या खराब मौसम में रेड सिग्नल पार करने व ट्रेनों के आमने-सामने के टक्कर को रोकना है। रेलवे में लगातार ट्रेन दुर्घटना के कारण प्रशासन को करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा था। वहीं रेड सिग्नल और ओवरशूट की घटना की वजह से सारी गाज लोको पायलट और सहायक लोको पायलट पर गिर रही थी। कवच में यदि पायलट तय गति सीमा या लाल सिग्नल का ध्यान नहीं रखता, तो यह सिस्टम स्वयं ब्रेक लगा देता है। यह रेडियो फ्रीक्वेंसी और आरएफआईडी तकनीक का उपयोग करके ट्रेन की सही स्थिति



का पता लगाती है। आपात स्थिति में यह प्रणाली तत्काल आपातकालीन संदेश भेजती है, जिससे नेटवर्क मानिटरिंग सिस्टम के जरिए ट्रेनों की लाइव आवाजाही पर नजर रखी जाती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी स्वदेशी रूप से विकसित आटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन एटीपी प्रणाली कवच का विस्तार शुरु कर दिया गया है। यह प्रणाली ट्रेन संचालन के दौरान संभावित मानवीय त्रुटियों को न्यूनतम करते हुए दुर्घटनाओं की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। रेलवे के अनुसार वर्ष 2014-15 में ट्रेन दुर्घटना की संख्या 135 से अधिक थी। यह घटकर 2024-25 में 31 और वित्तीय वर्ष 2025-26 में 16 में आ गई है। घने कोहरे जैसी परिस्थितियों में भी यह प्रणाली संरक्षित संचालन सुनिश्चित करती है।

कवच प्रणाली ट्रैक पर स्थापित आरएफआईडी टैग, यूएचएफ रेडियो संचार, स्टेशन इंटरलाकिंग एवं आनबोर्ड उपकरणों के माध्यम से ट्रेन की स्थिति, गति एवं मार्ग की सतत निगरानी करती है। कवच प्रणाली को लागू करने के लिए एसईसीआर के 2430 रूट किलोमीटर पर कार्य किया जा रहा है। अब तक 238 लोकोमोटिव में कवच उपकरण स्थापित किया जा चुका है। बिलासपुर रेल मंडल में बिलासपुर से रायगढ़ रेलखंड पर कवच कमीशनिंग के अलावा बिलासपुर-चांपा में फील्ड परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। नागपुर में नागपुर-दुर्ग खंड पर एसआईएल-4 कमीशनिंग, कलमना-सालवा, रायपुर मंडल में दुर्ग-मांढर खंड भी कवच कार्य किया जा रहा है।

226 करोड़ में सिग्नलिंग सुधार कार्य शुरु

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के 13 स्टेशनों पर 226 करोड़ रुपए की लागत से इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग ईआई प्रणाली की स्थापना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना में 13 स्टेशनों पर मौजूदा पैनल इंटरलाकिंग पीआई प्रणाली को इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग ईआई प्रणाली से बदलना शामिल है, जिससे सुरक्षित और प्रौद्योगिकी आधारित ट्रेन परिचालन संभव होगा। इन 13 स्टेशन में मारौडा, रिसमा, गुंडार्देही, लाटाबोर, बलोद, कुसुमकासा, दल्लीराजहरा, गुड़म, भानुप्रतापपुर, केंवटी, अंतागढ़, तारोकी, रायपुर स्टोर डिपो शामिल है, जिसमें पैनल इंटरलाकिंग से इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग प्रणाली में परिवर्तन से महत्वपूर्ण खंड पर सिग्नलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण होने से परिचालन में अनुकूल और सिस्टम की विश्वसनीयता में सुधार होगा। इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग प्रणाली एक अत्याधुनिक सिग्नलिंग तकनीक है, जो उन्नत सुरक्षा सुविधाओं को शामिल करते हुए रूट सेटिंग और सिग्नलिंग कार्यों को स्वचालित बनाती है। इस परियोजना से ट्रेन परिचालन की सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ने के अलावा समय की पाबंदी में सुधार किया जा रहा है।

जिन दुकानदारों को जहां से हटाया जाएगा, वहीं दुकानें बनाकर दी जाएंगी, व्यापारियों ने रखी मांग

इमलीपारा काम्प्लेक्स की 17 दुकानों का आबंटन निरस्त, अब नए सिरे होगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने इमलीपारा में बने व्यावसायिक काम्प्लेक्स में व्यापारियों को आबंटित 22 में से 17 दुकानों का आबंटन निरस्त कर दिया है। इन व्यापारियों ने आबंटन के बाद से 11 महीने तक ना तो प्रीमियम राशि जमा की और ना ही मेंटेनेंस खर्चा जमा किया। निगम के मुताबिक अब इन दुकानों की नए सिरे से नीलामी की जाएगी। इसके साथ ही निगम ने नए व्यवस्थापन नियम के आधार पर व्यापारियों को दुकानें देने का फैसला लिया है। नए नियम के मुताबिक जिन दुकानदारों को जहां से हटाया जाएगा वहीं दुकानें बनाकर दी जाएंगी। इस नियम से इमलीपारा के व्यापारियों को भी राहत मिलेगी। उन्हें प्रीमियम राशि कम जमा करनी होगी। साथ ही किराए में भी छूट मिल सकती है।

- नया व्यवस्थापन नियम भी होगा लागू

ध्यान रहे कि निगम ने 12 करोड़ रुपए खर्च कर इमलीपारा में व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाया है। इसका किराया इतना अधिक रखा गया है कि पहले चरण में 22 दुकानों के आबंटन के बाद भी 29 दुकानें साल भर से खाली पड़ी हैं। अब 22 में से 17 दुकानों का आबंटन भी निरस्त कर दिया गया है। कुल मिलाकर 5 लोगों ने ही राशि जमा की है।इस तरह 46 दुकानें खाली हो गईं हैं। महापौर से मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की। अधिकांश व्यापारियों ने ग्राउंड फ्लोर पर दुकानों की मांग की है। इनका कहना है कि रिटेल व्यापार सेकेंड या थर्ड फ्लोर पर चल नहीं पाएगा। हटाए गए दुकानदार पिछले ढाई साल से परेशान हैं। इनका कहना है कि आठ महीने के भीतर नई दुकानें बनाकर व्यापारियों को आवंटित कर दी जाएंगी लेकिन अब नियम कायदे बताए जा रहे हैं और परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है।



किराया 18 हजार से लेकर 80 हजार तक

इधर प्रीमियम जगह की दुकानें खाली रहने पर सवाल भी उठ रहे हैं तो साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि जिन गरीब दुकानदारों को निगम ने हटाया था वे कैसे इतनी ऊंची बोली पर दुकानें ले पाएंगे। इन दुकानों का मासिक किराया 18 हजार से लेकर 80 हजार रुपए तक है, जिसे चुकाना छोटे दुकानदारों के लिए मुश्किल है। निगम के मुताबिक अभी तक दो दौर में 27 दुकानों का आबंटन किया गया था। तीन दुकानें हाईकोर्ट के निर्देश पर दी गईं है। गौरतलब है कि पुराने बस स्टैंड रोड और इमलीपारा रोड की दुकानों के आवंटन का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। इसी बीच निगम ने 59 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर नवंबर 2025 में जारी किया था। भू तल की 22 दुकानों की नीलामी हो भी गई थी। इसमें निगम को किराया मिलना था। निगम के मुताबिक इन दुकानों से हर महीने 8 लाख 20 हजार और सालाना करीब एक करोड़ रुपए का किराया मिलेगा।

लीज की शर्तों के अनुरूप आवंटन होगा

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने नगर निगम को यह निर्देश दिया है कि व्यापारियों के दावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए। साथ ही उन्हें नई इमलीपारा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में दुकानों के आवंटन में प्राथमिकता देने पर निर्णय लिया जाए। निगम इस पर भी विचार कर रहा है। ध्यान रहे कि निगम ने इन व्यापारियों को ए, बी और सी श्रेणी में रखा है। इससे पहले इन दुकानदारों द्वारा कहा गया था कि उनकी लीज 2037-38 तक वैध है, लेकिन निगम ने केवल 3 साल के लिए दुकान आवंटित करने का निर्णय लिया था। कोर्ट ने इसे अनुचित बताया और कहा कि चूंकि जमीन नजूल संपत्ति है, इसलिए निगम लंबी अवधि की लीज देने को सीमित कर सकता है, लेकिन पहले से वैध लीज को केवल तीन साल तक सीमित करना अवैध है।

नए सिरे से जारी होगी प्रक्रिया

नगर निगम ने इमलीपारा में बने व्यावसायिक काम्प्लेक्स में व्यापारियों को आबंटित 22 में से 17 दुकानों का आबंटन निरस्त कर दिया है। इन व्यापारियों ने आबंटन के बाद से 11 महीने तक ना तो प्रीमियम राशि जमा की और ना ही मेंटेनेंस खर्चा जमा किया। नए सिरे से आबंटन की प्रक्रिया नए व्यवस्थापन नियम से की जाएगी।

- खजांची कुम्हार, अपर आयुक्त, नगर निगम

एक ही कर्मचारी के भरोसे विभाग, लगती है लंबी लाइन



बिलासपुर। सिम्स में जन्म और मृत्यु प्रमाण के लिए रोजाना झिझिक हो रही है, प्रबंधन ने काम निबटाने के लिए एक ही कर्मचारी को लगाया है, लेकिन रोजाना 30 से 40 आवेदक सिम्स पहुंचते हैं। ऐसे में आवेदकों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है।

रजिस्ट्रार द्वारा अस्पतालों में ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की सुविधा दे दी है। सिम्स में रोजाना 20 से अधिक बच्चे जन्म लेते हैं, वहीं इतने ही मृत्यु के केस दर्ज हो रहे हैं। ऐसे में जन्म मृत्यु विभाग का काम बढ़ चुका है लेकिन प्रबंधन ने लोगों की सहूलियत को दरकिनार कर विभाग में महज एक ही कर्मचारी को आवेदन लेने और उसे प्रोसेस करने के लिए रखा है। ऐसे में रोजाना खिड़की पर 20 से 30 लोगों की भीड़ देखी जा सकती है। सुबह 10 से 2 बजे के बीच खुलने वाली खिड़की को कई बार जबरिया बंद कर दिया जाता है, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि रोजाना लाइन में लगने वाले आवेदकों के बीच झूमाझटकी हो रही है, हाल ही में दो आवेदक एक दूसरे से लड़ने पर खिड़की पर बैठा कर्मचारी भाग खड़ा हुआ और लाइन में लगे आवेदकों के बीच हो-हंगामा होने लगा। यह रोज का तमाशा हो चुका है, लेकिन प्रबंधन पर इसकी नजर नहीं है। जन्म-मृत्यु विभाग में बढ़ते दबाव को देखते हुए दो अन्य कर्मचारियों को इस कार्य में लगाने की आवश्यकता है।

कर्मचारी रूपए लेते पकड़ा गया था

बताया जा रहा है कि कुछ महीने पहले जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदक से रूपए मांगने पर कर्मचारी की शिकायत हो चुकी है। इसके बाद प्रबंधन ने कर्मचारी को हटाकर दूसरे विभाग में अटैच कर दिया है लेकिन इसके बाद आए कर्मचारी खासे लापरवाह है, बिना समय का ध्यान रखे कांउटर खिड़की को बंद कर दिया जाता है, जिससे आवेदक भटकते है। इस बात की जानकारी कई बार प्रबंधन तक पहुंच चुकी है।

चाकू की नोंक पर दो लोगों से लूट तीन नाबालिग सहित 6 गिरफ्तार

बिलासपुर। चाकू की नोंक पर दो लोगों से मोबाइल व नकद रकम लूटने वाले तीन नाबालिग सहित 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई जितेन्द्र गुप्ता ने बताया, 14 अगस्त को कोनी मोपका बाइपास रोड में मध्य प्रदेश कटनी निवासी बसंत कुमार मैहर एवं उसके दोस्त को कुछ लोगों ने रोककर चाकू अड़ाकर दो मोबाइल, नकद रकम लूट लिया था।



पुलिस मामले में लूट का अपराध दर्ज कर लुटेरों के पतासाजी में जुट गई। मुखबिर की सूचना पर कोनी बरपाली निवासी राजेश सूर्यवंशी पिता मनहरण सूर्यवंशी 19 साल, दुर्गेश लोनिया पिता अशोक लोनिया 28 साल, दुगेश उफ दुर्गा पिता कमलकांत लोनिया 19 साल व तीन नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर सभी ने लूटपाट करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से लूटे गए 2 मोबाइल, 230 रुपए नकद बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मामूली विवाद में आटो चालक पर चाकू से हमला

मामूली विवाद में दो युवकों ने आटो चालक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 14 अगस्त को दोपहर 2 बजे तालापारा मरीमाई निवासी आटो चालक मोह यादव पिता जगदीश यादव पेट्रोल भरवाने श्रीकांत वर्मा मार्ग से व्यापार विहार जा रहे थे। गुम्बर पेट्रोल पंप के पास बाए तरफ से स्कूटी सवार दो युवक आए और ओवरटेक के चक्कर में मोबाइल गिरकर टूट जाने के आरोप लगाकर बनवा कर दे कहते हुए गाली गलौज करने लगे। मना करने पर एक युवक चाकू से मारने की कोशिश की। रोकने पर उनके बाए हाथ के पंजे में चोट आई है।

घर में घुसकर युवकों ने बुजुर्ग महिला से जेवर, नकद रकम लूटा, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर। चाकू की नोक पर घर में घुसकर बुजुर्ग महिला से पहने हुए चांदी के जेवर, नकद रकम लूटकर नाकाबपोश युवक भाग गया है। पुलिस पतासाजी में जुटी हुई है।



चकरभाठा पुलिस के अनुसार, ग्राम लिमतरी निवासी इंद्राबाई कौशिक पति स्व. दिनहरण कौशिक 66 साल अकेले रहती हैं। उन्हें कम दिखाई देता है। 13 अगस्त की शाम 6 बजे वे घर के मंदिर में दिया जला रही थीं। उसके बाद आंगन में गईं तो एक युवक चेहरे में गमछा बांधा हुआ खड़ा था। उन्हें देखकर उसने कहां तुम्हारे पास जो भी पैसा है दो कहते हुए धक्का देकर गिरा दिया। पेट में चाकू अड़ाकर हाथ से चांदी की चूड़ी निकाल ली। डर से उन्होंने से कमर से करधन व घर में रखा 2 हजार रुपए निकालकर दे दिया। उसके बाद नकाबपोश पीछे की ओर से भाग गया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

ट्रकों से 50 हजार का खाद्य तेज चोरी

चलते ट्रकों से 50 हजार रुपए का खाद्य तेल चोरी कर लिया गया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, लिंक रोड जेकब चाल निवासी ट्रांसपोर्टर रामस्नेहील लोनिया ने रिपोर्ट लिखाई। उनका व अन्य ट्रांसपोर्टरों का ट्रक दाधापारा रैक पाइंट में आए वस्तु को परिवहन करने का काम करते हैं। 14 अगस्त को उनकी ट्रकों में रैक पाइंट से किंग सोया खाद्य तेल को परिवहन करने लगी थी। दो ट्रकों में तेल लोड कर रायगढ़ के लिए एक ट्रक व्यापार विहार के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में सड़क खराब होने से ट्रक धीरे चल रहा था। अज्ञात चोर उनके तीनों ट्रकों में चढ़कर करीब 50 हजार का तेल चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



सीयू कार्यपरिषद में सदस्य बनाए गए प्रो. श्रीवास्तव

बिलासपुर। सीयू के मीडिया सेल में फेरबदल किया गया है और प्रो. मनीष श्रीवास्तव की जगह पर प्रो. प्रतिभा जे मिश्रा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं प्रो. मनीष श्रीवास्तव को यूनिवर्सिटी के कार्यपरिषद में सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है। सीयू में अंग्रेजी एवं वेदेशी भाषा विभाग के प्रो. मनीष श्रीवास्तव यूनिवर्सिटी के कार्यपरिषद में सदस्य बनाए गए हैं। कार्यपरिषद में सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल 4 मई 2028 तक रहेगा। इसके पूर्व प्रो. श्रीवास्तव यूनिवर्सिटी के मीडिया के प्रभारी थे।



मनरेगा वाले जॉबकार्ड वीबी-जी राम योजना में आएंगे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी योजना जुलाई महिना से लागू हो गई है। यह नई योजना केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के स्थान पर शुरु की गई है। लेकिन इस योजना में मनरेगा में जो जॉबकार्ड बने थे, वही जॉबकार्ड उपयोग में लाएं जाएंगे। जिले में ऐसे जॉबकार्ड की संख्या 1 लाख 52 हजार 246 है।

- जुलाई माह से लागू हो गई नई योजना

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा की जगह पर नई योजना विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी लागू हुए एक माह हो गया है और नई योजना में कार्यों की स्वीकृति भी प्रारंभ हो गई है। इस नई योजना में मजदूरों को अलग से जॉबकार्ड बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मनरेगा अंतर्गत जो जॉबकार्ड पूर्व में बनाए गए थे, वहीं जॉबकार्ड इस योजना में भी काम आएगा। जिले में सक्रिय जॉब कार्ड की संख्या 1 लाख 52 हजार 246 है। इन जॉबकार्डधारी परिवारों में काम करने वाले 2 लाख 55 हजार 840 श्रमिक हैं। ये सभी जॉबकार्ड नई योजना में उपयोग में लाया जाएगा और ये मजदूर भी नई योजना में कार्य कर सकेंगे। ग्रामीण विकास और रोजगार को नई दिशा देते हुए भारत सरकार ने वैसे तो 11 मई को विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम की अधिसूचना जारी कर दिया था, किन्तु इस योजना को 1 जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू किया गया।

मनरेगा से अधिक दिनों तक रोजगार का प्रावधान

विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी योजना अंतर्गत 125 दिनों का रोजगार देने का प्रावधान किया गया है, जबकि मनरेगा में 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। सरकारी दावों के अनुसार पहले काम सीमित और अस्थाई थे जैसे गड्ढा खुदाई और अब तालाब, सड़क, गोदाम, जल संरचनाएं बनेंगी। इनसे गांव की अपनी संपत्ति बनेगी और गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। साथ ही काम के साथ कौशल भी सिखाया जाएगा। इससे लोग सिर्फ मजदूर नहीं, कमाने वाले और आत्मनिर्भर बनेंगे। महिलाओं को एसएचजी के जरिए काम और नेतृत्व मिलेगा तथा स्किल सेंटर, शेड निर्माण और हाट जैसे कार्य भी किए जाएंगे।

नई योजना के तहत 11.43 करोड़ की स्वीकृति

वीबी-जी रामजी नई योजना तहत जिले के शासकीय स्कूलों में बालिकाओं के लिए बेहतर एवं सुरक्षित सुविधाओं के लिए 315 शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। इन शौचालयों के निर्माण के लिए वीबी-जी रामजी योजना तहत 11.43 करोड़ राशि स्वीकृत की गई है।

केन्द्र देगी 60% राशि

विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी नाम से नई योजना के लिए केन्द्र सरकार ने बजट में अपने हिस्से का 95,692 करोड़ से ज्यादा राशि का प्रावधान कर दिया है। इसमें राज्यों के हिस्से की राशि और जुड़ेगी। इस नई योजना में 60 व 40 प्रतिशत का रेश्यो रखा गया है। इसमें 60 फीसदी राशि केन्द्र सरकार देगी और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को लगानी पड़ेगी।

